

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | बुधवार, 29 जनवरी 2025 | वर्षः 02, अंकः 342, पृष्ठः 8, मूल्यः 2 रू.र | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## अंबेडकर नगर एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव

**भोपाल/छतरपुर**
मध्य प्रदेश के छतरपुर और हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर सोमवार देर रात महू से प्रयागराज जा रही डॉ अंबेडकर नगर- प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव और तोड़फोड़ की घटना सामने आयी है। ट्रेन जैसे स्टेशन पर रुकी, उसमें अंदर बैठे यात्रियों ने भीड़ को देखकर ट्रेन के गेट नहीं खोले। इससे ट्रेन के बाहर खड़े लोग भड़क उठे और उन?होंने ट्रेन पर पत्थर, पानी बोतल फेंकने लगे। इस घटना में ट्रेन में बैठे कुछ लोगों को मामूली चोट आई है। जानकारी के अनुसार यह घटना सोमवार देर रात करीब 1 बजे की है। जब इंदौर से डॉक्टर अंबेडकर नगर से प्रयागराज जाने वाली ट्रेन (14115) छतरपुर और हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर आकर रुकी। इस दौरान उसमें अंदर बैठे यात्रियों ने भीड़ को देखकर ट्रेन के गेट नहीं खोले। तभी प्लेटफॉर्म पर खड़े यात्रियों ने ट्रेन के दरवाजे नहीं खोलने पर आक्रोशित होकर पथराव और तोड़फोड़ कर दी। ट्रेन में बैठे कुछ लोगों को मामूली चोट आई है। जबकि पथराव में ट्रेन की कई बोगियों के दरवाजे और खिड़कियों को नुकसान पहुंचा है। हमले के दौरान ट्रेन में सवार यात्री, महिलाएं और बच्चों में डर दिखा। इस दौरान कुछ यात्रियों ने घटना का वीडियो बना लिया। बताया जा रहा है कि आरपीएफ जवान मौके पर पाए तो सिविल पुलिस को सूचना दी।

# मौनी अमावस्या से पूर्व महाकुम्भ में आस्था का ज्वार

## सुबह से अब तक 2.39 करोड़ लोगों ने स्नान किया, इलाके में हाई अलर्ट

**महाकुम्भ नगर**
मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान नित नए रिकॉर्ड बना रहा है। इसी क्रम में मौनी अमावस्या के अमृत स्नान से पूर्व दो दिनों को 3 करोड़ से ज्यादा लोगों ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई। रविवार को जहां 1.74 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया तो वहीं सोमवार को रात 8 बजे तक 1.55 करोड़ श्रद्धालुओं ने पावन डुबकी लगाई। इसके साथ ही महाकुम्भ में अब तक स्नानार्थियों की कुल संख्या 14.76 करोड़ हो गई। उल्लेखनीय है कि पिछले गुरुवार को ही महाकुम्भ में स्नानार्थियों की संख्या ने 10 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। योगी सरकार का अनुमान है कि मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ और पूरे महाकुम्भ में कुल 45 करोड़ से ज्यादा लोग आएंगे।

**महाकुम्भ में देखने को मिल रही विविध संस्कृतियों की झलक**
प्रयागराज में श्रद्धालुओं / स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। पूरे देश और दुनिया से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। वहीं मौनी अमावस्या के सबसे प्रमुख अमृत स्नान को देखते हुए अब यह संख्या करोड़ों में पहुंच रही है। रविवार को रात 8 बजे तक 1.74 करोड़ लोगों ने तो सोमवार को 1.55 करोड़ लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर लिया। साथ-साथ देश विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे।



## 'मौनी अमावस्या पर अपनी लेन में बने रहें'

**महाकुम्भनगर**
**महाकुम्भ में** मौनी अमावस्या के पवित्र अवसर पर करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मेला प्रशासन ने विशेष तैयारी की है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने और सतर्क रहने के लिए कहा है। इसके अलावा आपात स्थिति में मेला पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और स्पेशल डॉक्टरों की टीम श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 24 घंटे तैनात की गई है।

**पुलिस का करें सहयोग**
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भनगर राजेश द्विवेदी ने बताया कि महाकुम्भ के दूसरे अमृत स्नान मौनी अमावस्या को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। खासकर श्रद्धालुओं को जागरूक और किसी तरह की अफवाह में न फंसें।

## श्रद्धालुओं के लिए सस्ती फ्लाइट की सुविधा उपलब्ध कराए सरकार: राघव



नई दिल्ली
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राघव चड्ढा ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए फ्लाइट के किराए में भारी वृद्धि पर सवाल उठाया है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए केंद्र सरकार सस्ती फ्लाइट की सुविधा उपलब्ध कराए। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि दुनिया भर से करोड़ों लोग महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रयागराज जाना चाहते हैं। एयरलाइंस कंपनियां उनसे 50 से 60 हजार रुपये किराया वसूल रहीं हैं। हालांकि समान्य दिनों में 5-8 हजार रुपये ही किराया होता है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि एयरलाइंस कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाई जाए ताकि लोग अस्था के महाकुंभ में डुबकी लगा सकें। राघव चड्ढा ने कहा कि सनातन धर्मियों के लिए महाकुंभ आस्था और अध्यात्म का सबसे बड़ा पर्व है। आज जब 144 वर्षों के बाद इन दिनों प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है, तब देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लाखों करोड़ों लोग स्नान, साधना और तपस्या करने के लिए प्रयागराज जाना चाहते हैं। आस्था और पवित्रता के महापर्व को एयरलाइंस कंपनियों ने अपनी मनमानी कमाई के अवसर में तब्दील कर दिया है। मेरी सभी श्रद्धालुओं की ओर से केंद्र सरकार से यह मांग है कि सरकार इन एयरलाइंस की मनमानी पर रोक लगाएं व कार्रवाई करें।




मध्य प्रदेश में निवेश की अनंत संभावनाएं: डॉ. यादव



## मौनी अमावस्या के दृष्टिगत एडीजी द्वारा यातायात व सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर दिया निर्देश





**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** जनपद अयोध्या में दिनांक 29.01.2025 को मौनी अमावस्या के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ, जोन लखनऊ एस.बी. शिराडकर द्वारा जनपद बाराबंकी क्षेत्र के चौपुला, रामसनेही घाट व सफदरगंज में यातायात डायवर्जन/सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण/भ्रमण किया गया एवं सम्बन्धित को सतर्क दृष्टि रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर जिलाधिकारी बाराबंकी शंशाक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगतराम कन्नौजिया व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## अवैध तमंचा मय अदद जिन्दा कारतूस बरामद, एक बंदी

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर सतरिख पुलिस ने अपराधियों की तलाश में तमंचा कारतूस के साथ एक आरोपित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।




थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को अभियुक्त मो0 वसीम पुत्र पुत्र मो0 कल्लू निवासी हालपता मकान मो0 गुलाम मटियारी कंचनपुर लखनऊ, मूलपता मो0 भारागंज कस्बा व थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया।

## दो चोर गिरफ्तार, छल्लेदार लंबे तार बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी। कोतवाली** पुलिस चोरों की तलाश में मुखबिर की सूचना पर दो चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद करते हुए लिखा पड़ी किया गया। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र की जनता के सहयोग से मंगलवार को अभियुक्तगण शाहिद पुत्र फिरोज खान, शनि पुत्र मनोज निवासीगण बेगमगंज कर्बला थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को चोरी के 02 अदद छल्लेदार तार (तांबे)के साथ गिरफ्तार किया गया।



## कप्तान के निर्देश पर छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक





ब्यूरो चीफ
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना सैनी पुलिस द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम के साथ एसपी त्रिपाठी इण्टर कॉलेज अजुआ में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के बारे में विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जानकारी दी गयी साथ ही उन्हे यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना सैनी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना खखरेरू पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट व 3 (2)5 एससी एसटी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त अब्दुल सद्दीक पुत्र स्व० हबीब निवासी पौली थाना खखरेरु जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।



# मिशन शक्ति टीम का प्रयास हर महिलाएं हो जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/विद्यालय/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

इस क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में, थाना पश्चिम शरीरा शरीरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में, थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा ग्राम डोरमा में, थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा कस्बा/चौराहा मंझनपुर में, थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा ग्राम समसपुर में, थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा ग्राम मखऊपुर में चौपाल लगाकर, थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा मां शीतला धाम मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए/चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/छात्राओं/महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।



# अवैध फैक्ट्री मेड कई पिस्टल, कारतूस मोबाइल, लैपटॉप एटीएम कार्ड बरामद, एक गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना राधानगर पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर अभियुक्त अतुल कुमार अवस्थी पुत्र स्व0 कला कृष्ण अवस्थी निवासी ऋ2316 राजाजीपुरम थाना तालकटोरा जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से एक अदद पिस्टल 7.65 टट (.32 बोर), एक अदद रिवाल्वर 7.65टट (.32 बोर ), 02 अदद जिन्दा कारतूस 7.65` (.32 ) बोर व एक अदद खोका कारतूस 7.65` (.32 ) बोर तथा गाडी निशान मैगनाइट की तलाश ली गयी तो गाड़ी के डेस्क बोर्ड में 2 मोबाइल इन्ड्राइड मोबाइल फोन व एक एटीएम कार्ड कैनरा बैंक व एक बेसबाल बैट सफेद धातु का बरामद किया गया ।



## एण्टीरोमियो टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर । पुलिस** अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।



## सराफा दुकान पर युवक की मौत: मालिक समेत 5 पर केस

### गर्दन पर मिले निशान; पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बिजनौर।** धामपुर थाना क्षेत्र में एक सराफा दुकान पर काम करने वाले 21 वर्षीय युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान अभिषेक शर्मा के रूप में हुई है, जो गांव जैतरा का रहने वाला था। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे मेन बाजार में स्थित अलंकार ज्वैलर्स पर अभिषेक का शव संदिग्ध हालत में मिला। दुकान के मालिक प्रमोद कुमार वर्मा की दुकान पर काम करने वाले अभिषेक की गर्दन पर निशान पाए गए, जिसके बाद मृतक के पिता गुड्डू शर्मा ने सराफा व्यापारी पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दुकान मालिक प्रमोद कुमार वर्मा को नामजद करते हुए चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की विधिक जांच की जा रही है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है।

# टप्पेबाजी की घटना के 2 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से नकदी, बाइक, मोबाइल व आधार कार्ड बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** वादी अवधेश कुमार निगम पुत्र श्रीराम निगम निवासी सूरतगंज थाना मोहम्मदपुरखाला जनपद बाराबंकी द्वारा सूचना दिया गया कि उसकी कस्बा सूरतगंज मेन मार्केट में किराना की दुकान है, जिसे 11 जनवरी की रात्रि समय करीब 09.30 बजे बन्द कर रहा था कि तभी उसकी दुकान के बाहर रुपयों से भरा बैग अज्ञात व्यक्ति लेकर चले गये। उक्त सूचना के आधार पर दिनांक-12.01.2025 को थाना मोहम्मदपुरखाला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम द्वारा डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए मंगलवार को 02 अभियुक्तों रिजवान, इरफान पुत्रगण स्व0 अली अहमद निवासीगण मोहल्ला मनिहारन कस्बा सूरतगंज थाना मोहम्मदपुरखाला जनपद बाराबंकी को अहरी चौराह से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 1. 20,370/- रुपये नकद, 2. एक अदद मोटरसाइकिल, एक अदद तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर, (अभियुक्त रिजवान के कब्जे से) 4. तीन अदद मोबाइल फोन, 5. आधार कार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस (वादी का) का बरामद किया गया।

पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण सगे भाई हैं। अभियुक्तगण को विश्वास था कि वादी के पास बिक्री का अच्छा पैसा रहता है। अभियुक्त इरफान हैदराबाद (तेलंगाना) में गाड़ी वाशिंग का काम करता था, इरफान ने फोन के माध्यम से रिजवान से बात करके योजना बनायी तथा घटना को कैसे अंजाम दिया जाए इस सम्बन्ध में रिजवान को निर्देश भी देता था। अभियुक्त रिजवान उपरोक्त ने घटना कारित करने से पूर्व वादी की दुकान व वादी के घर आने-जाने के समय की कई दिनों तक रेकी किया।

तत्पश्चात दिनांक 11.01.2025 को मौका पाकर अभियुक्त रिजवान द्वारा उक्त घटना कारित की गयी। घटना के पश्चात इरफान हैदराबाद से वापस आ गया। अभियुक्त रिजवान द्वारा घटना से प्राप्त रुपयों में से 32,000/-रुपये का 01 अदद वीवो एण्ड्राएड मोबाइल, 1500/- रुपये का 01 अदद की-पैड मोबाइल क्रय किया गया तथा योजनानुसार 58,000/-रुपये अपने भाई इरफान उपरोक्त के बैंक खाते में जमा कर दिये गये, जिस सम्बन्ध में उक्त रकम फ्रीज कराए जाने हेतु सम्बन्धित बैंक से पत्राचार किया गया है। शेष पैसे अभियुक्तगण द्वारा अपने शौख पूरा करने में खर्च कर दिये गए। घटना कारित करने में प्रयुक्त मोटर साइकिल अभियुक्त रिजवान उपरोक्त ने दिनांक 04.08.2024 को थाना रामनगर के महादेवा के अभरण तालाब से चोरी की थी।

## चोरी के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस उ०नि० जनार्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त नीरज उर्फ टिर्रा पुत्र भगवती लाल निवासी ग्राम चौराडीह थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को नरवापर चौराडीह के पास से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 09 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शाति भंग करने के आरोप में ( थाना पश्चिम शरीरा से 02, थाना महेवाघाट से 03, थाना संदीपनघाट से 03, थाना सराय अकिल से 01) कुल 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा० न्यायालय किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 127 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## दो थानों की पुलिस ने दो वारंटी पकड़े, जेल





**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना थरियांव पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त मुन्ना लोध पुत्र सूरजपाल निवासी रामपुर थरियांव थाना थरियांव जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गय। इसी प्रकार थाना धाता पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र बच्चा लाल निवासी ग्राम सिहारी पट्टी थाना धाता जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किए।

## शातिर अभियुक्त तमंचा जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। पुलिस अ**धीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में देर रात को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शातिर अभियुक्त सनोज कन्जड़ पुत्र केशराज निवासी ग्राम छोटेलालपुर थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर को एक अदद तमन्चा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**
प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय थाना कोतवाली नगर. उ0नि0 राजेश कुमार सिंह, उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार शुक्ला।

# सिर पर गठरी, हाथ में झोरा, हर-हर गंगे हर मन बोला




**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर।** भक्ति, मोक्ष और पुण्य के तट पर मौनी अमावस्या की डुबकी लगाने के लिए मंगलवार को तीर्थराज प्रयाग का हर कोना भक्ति के सागर में डूब गया। सड़कों से संगम तक हर तरफ सिर ही सिर नजर आए। पांटून पुलों पर लंबी कतारें धक्कामुक्की करते बढ़ीं, तो शिविरों से लेकर रेती तक लोग पट गए। सौ हेक्टेयर वाले विशाल क्षेत्रफल में बसे दिव्य महाकुंभ में मौनी अमावस्या का योग लगने से पहले ही महाकुंभ मेला प्रशासन ने एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पवित्र संगम में डुबकी लगाने का दावा किया। इस बीच मंगलवार आधी रात के बाद मौनी स्नान शुरू हो गया। भीड़ को देखते हुए शहर आने वाले मार्गों पर वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया है। संगम जाने वाली सड़कों पर दो व चार पहिया वाहनों की इंट्री पूरी तरह रोक दी गई है। मंगलवार को पूरे दिन इलाहाबाद जंक्शन, नैनी, प्रयाग, दारागंज, फाफामऊ, झुंसी, रामबाग रेलवे स्टेशनों के अलावा सिविल लाइंस बस अड्डा से संगम की ओर से जाने वाली सड़कों पर सिर्फ सिर पर गठरी, कंधे पर झोला, हाथों में हाथ, एक-दूसरे का गमछा पकड़े श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता रहा। शहर से कुंभ मेला के इंट्री प्वाइंट, मेला क्षेत्र के अंदर तक तमाम रास्तों पर श्रद्धालुओं का रेला दिखा। बसों, ट्रैक्टर-ट्रालियों व निजी वाहनों को झुंसी, अंदावा, फाफामऊ, नेहरू पार्क के पास रोक दिए जाने से हर तरफ से पैदल कारवां उमड़ता रहा। बख्शीबांध, नागवासुकि, गंगोली शिवाला,



## महाकुंभ में सब कुछ बदला, नहीं बदली तो सिर्फ गठरी

**महाकुंभनगर।** महाकुंभ में पहली बार आस्था और अध्यात्म के साथ आधुनिकता का संगम भले ही अनुकरणीय बना हो, लेकिन परंपरा ने एक बार फिर विश्व समुदाय के जेहनोदिल पर अपनी छाप छोड़ दी है। फिर यही बांधे पर बोरी सबारे पर बोरा, एक हाथ में झोरी और दूसरे में झोरा लेकर एक-दूसरे को संभालते, समेटते संगम पर पहुंचने की होड़ दिखी। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के रूप में आयोजित भव्य और दिव्य भव्य महाकुंभ जैसे तो इस बार बहुत कुछ कुछ बदल गया है, लेकिन नहीं बदली तो सिर्फ सिर की गठरी। जी, हर किसी के लिए मेले की रौनक भी है और पहचान भी। पिछले कुंभ से दोगुना अधिक भूमि पर बसे महाकुंभ में हजार करोड़ रुपये से अधिक की सुविधाओं संसाधनों के विस्तार में सबकुछ बदल गया है।

सड़के-चौराहे तो चौड़े हुए ही, श्रद्धालुओं का दिल भी खूब चौड़ा हुआ। नजर डाली जाए तो कुंभ में इस बार देखने के लिए बहुत कुछ नया है। इन सबके बीच मंगलवार की मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं के सिर को गठरी के आकर्षण ने सबको पीछे छोड़ दिया। चाहे पंजाब हो या बंगाल या फिर एमपी-बिहार, गुजरात, हरियाणा, पश्चिम बंगाल या फिर दक्षिण-उत्तर, पूरब-पश्चिम के अन्य प्रदेशों के लोग सचके सिर पर गतरी थी। गठरी लिए संगम तट की ओर बढ़ते करोड़ों बद्धालुओं की कतार में देश के छह लाख गांवों की सांस्कृतिक विविधता समर्थ नजर आई।

## चाह सिर्फ संगम में डुबकी लगाने की

**महाकुंभ नगर।** कुछ ही घंटे बाद प्रयागराज का कुंभ अविस्मरणीय जन जमावड़े का साक्षी बनेगा। दो दिन से लगातार भीड़ का सैलाब कुंभ क्षेत्र में पहुंच रहा है। कहीं सिर पर गठरी, कंधे पर झोरा लिए लोग तो कहीं एक-दूसरे का हाथ थामे श्रद्धालुओं की कतार संगम तीरे पहुंचने को आतुर दिखी। मौनी अमावस्या स्नान के लिए लिए चारों दिशाओं से आस्था का रेला ही दिखा। रेती पर पहुंचते ही सिर्फ

पुरानी जीटी रोड, काली मार्ग, त्रिवेणी मार्ग, जगदीश रैंप, अरैल के पुलों पर देर रात तक लंबी कतारें लगी रहीं और श्रद्धालु किसी तरह धक्का मुक्की के बीच शिविरों में पहुंचते रहे।

## मौनी अमावस्या को लेकर नगर निगम ने शहर भर में बनवाए 88 रेस्ट एरिया

### रेस्ट एरिया में आराम कर सकेंगे श्रद्धालु, नि:शुल्क हुआ सुलभ शौचालय का उपयोग

### जगह- जगह मोबाइल टॉयलेट, स्वच्छता का भी ध्यान, 24 घंटे टॉयलेट्स -सड़कों की मैकेनाइज्ड क्लीनिंग

### कूड़ा निस्तारण को पहले से ही तैयार किया 3 दिन का मास्टर प्लान

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। मौनी अमावस्या** पर होने वाले दूसरे अमृत स्नान को लेकर नगर निगम की ओर से शहर भर में स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम कर लिए गए हैं। रेस्ट एरिया से लेकर, पेयजल, टॉयलेट्स की भी पूरी व्यवस्था की गई है। इन व्यवस्थाओं का श्रद्धालु अच्छे से लाभ उठा सकें इसके लिए स्वच्छता का भी पूरा ख्याल रखा गया है। 24 घंटे में 3 बार टॉयलेट्स और सड़कों की मैकेनाइज्ड क्लीनिंग करवाई जा रही है। वहीं, शहर के तीन दिनों तक नो व्हीकल जोन घोषित किए जाने के बाद कूड़े के निस्तारण का मास्टर प्लान भी तैयार किया गया है।

**ठहरने के साथ पेयजल, टॉयलेट, बिजली और अलाव के इंतजाम**

अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि मौनी अमावस्या पर शहर में 10 करोड़ श्रद्धालुओं के होने की संभावना है। ऐसे में नगर निगम ने दूर-दराज से आने वाले प्रत्येक जन को सुविधा मुहैया करवाने का इंतजाम किया है। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए निगम की ओर से शहर भर में 88 होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। सभी होल्डिंग एरिया में पेयजल, टॉयलेट, बिजली और अलाव की व्यवस्था की गई है। ये होल्डिंग एरिया जहां भीड़ कंट्रोल करने में कारगर साबित हो रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग यहां आराम करने के साथ सभी व्यवस्थाओं का लाभ उठा रहे हैं। टेंट से बनाए गए रेस्ट एरिया एमजी मार्ग, लीडर रोड बागड़ धर्मशाला होते हुए संगम तक जाने वाले मार्ग पर, प्रयाग स्टेशन से इंडियन प्रेस चौराहे से जी टी जवाहर तक व अन्य मुख्य मार्गों पर बनाए गए हैं। इनके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा बनाए गए 38 अस्थायी और 8 रैन बसेरे में रात में ठहरने की सुविधा का लाभ भी लोग उठा रहे हैं।

अपर आयुक्त ने बताया कि अलाव की व्यवस्था होल्डिंग एरिया में तो की ही गई है, इसके अलावा मुख्य मार्गों पर भी रात में अलाव जलाए जा रहे हैं। तीन दिन 28, 29 और 30 जनवरी तक शहर में संचालित सभी सुलभ कॉम्प्लेक्स सभी के लिए निःशुल्क कर दिए गए हैं। इनकी सफाई व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। 24 घंटे में 3 बार शौचालय और सड़कों की मैकेनाइज्ड क्लीनिंग करवाई जा रही है। मोबाइल टॉयलेट्स मुख्य मार्ग के अलावा, पार्किंग एरिया, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और उन जगहों पर इंस्टॉल किए गए हैं, जहां सीवर लाइन पास है ताकि इनकी डिस क्लीयरिंग करवाई जा सके। टीम द्वारा मोबाइल टॉयलेट्स की लगातार मॉनिटरिंग करवाई जा रही है। बहुत ज्यादा भीड़ होने की वजह से ये 2 से 4 घंटे में भर जा रहे हैं। इनकी लगातार सफाई करवाई जा रही है।

## शबरी उद्धार का शानदार मंचन, अभिनय देख दर्शक भाव विभोर



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। अहिल्याबाई होलकर झूंसी क्षेत्र के सांस्कृतिक मंच पर राम की विभिन्न लीला**ओं का शानदार मंचन किया गया। नाट्य संस्था अभिनव प्रयागराज के तत्वाधान के नाट्योत्सव में 'भक्ति में भगवान' नाटक का मंचन वरिष्ठ निर्देशक शैलेश श्रीवास्तव के निर्देशन किया गया। कलाकारों ने उम्दा अभिनय कर दर्शकों को मुग्ध कर दिया। शबरी की राम आसक्ति में वेदना को दशार्या गया सामाजिक समरसता का उत्तम प्रसंग है। शबरी को गुरु मतंग ने राम के आगमन की पूर्व सूचना बहुत पहले ही दे दी थी। प्रतीक्षारत शबरी अपनी कुटिया को सजा संवार कर राम के आगमन पथ से कंकड़ पत्थर और कांटे साफकर उनपर रोजाना पुष्प बिछाया करती। प्रभु राम के श्रीमुख में गलती से भी खट्टे बेर न चले जायें, इसलिए मीठे बेर अपने मुख से चख कर छांट-छांट कर थाल में सजा रही थी। अन्त में प्रभु राम, लखन के साथ शबरी की कुटिया पर पधारते हैं। शबरी प्रभु राम को सुग्रीव का पता बताकर उनके चरणों से लिपट कर अपने उद्धार की विनय याचना करती है और तब श्रीराम उसे आशीर्वाद देकर कहते हैं कि मैं हर उस भक्त का हूं जो मेरा है। मेरी दृष्टि में जात-पांत ऊँच-नीच कोई नही, हरि को जपै सो हरि का होई। माता शबरी आप तो मेरे लिए मां कौशल्या के समतुल्य हैं। अंत में भक्त शिरोमणि शबरी प्रभु श्रीराम के चरणो में ही अपना नश्वर देह त्याग अपनी आत्मा को परमात्मा में विलीन कर लेती हैं। कथा वस्तु बड़ा जोरदार रहा। शबरी की भूमिका में नेहा यादव को सराहा गया। आदित्य सिंह, रतिभान सिंह, अभिषेक कुमार के भी अभिनय को दर्शकों ने सराहा।

## सनातन बोर्ड बनाने का आ गया सही समय- पंकज प्रधान

**सबसे तेज प्रयागराज**

**नवाबगंज। विश्व** हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचे। जहां उनका कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। गोपाल राय सबसे पहले विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय महासचिव पंकज प्रधान के आवास सराय जयराम थाना नवाबगंज पहुंचे। जहां उन्होंने पंकज प्रधान के पिता का हालचाल जाना। इसके बाद वह महाकुंभ के लिए रवाना हुए। कार्यकताओं द्वारा, कौड़िहार, हथिगहां, गद्दोपुर, तेलियगंज, मजार चौराहा सहित कई स्थानों पर स्वागत किया गया। महाकुंभ में गोपाल राय, पंकज प्रधान, नीरज मिश्रा सहित पदाधिकारियों ने सधु संतों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने पूज्य तुलसीपीठाधीश्वर जगतगुरू श्री स्वामी रामभद्राचार्य जी को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग को लेकर रैली निकाली। साथ ही वह धर्म संवाद मे शामिल होकर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने और सनातन बोर्ड बनाने की मांग की। परिषद के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने महाकुंभ में लोगों को जगरूक करने के लिए टीम बनाई है, जो क्षेत्रों में भ्रमण कर हिंदू धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। पंकज प्रधान ने कहा कि विभिन्न हिंदू धार्मिक नेताओं को आगे आकर सनातन बोर्ड के गठन की मांग उठानी चाहिए। अगर हिन्दूओं को अपना धर्म बचाना है तो सनातन धर्म जरूरी है। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ता पूरे देश में हिंदूओं को जगाएंगे क्योंकि सनातन बोर्ड बनाने का यह सही समय आ गया है। सनातन बोर्ड बनाना हमारा अधिकार है। उन्होंने वक्फ बोर्ड की आलोचना करते हुए कहा, वक्फ बोर्ड ने पूरे देश पर कब्जा कर लिया है। कुछ मूर्खों ने दावा किया है कि कुंभ की भूमि भी उनकी है। अब सनातन बोर्ड की जरूरत है। अगर हम आज एकजुट होकर राष्ट्र की रक्षा नहीं करेंगे, तो समस्या खड़ी हो जाएगी। सनातन बोर्ड का गठन जरूरी है। हम अपने परिवारों के लिए सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए सनातन बोर्ड की मांग कर रहे हैं। इसकी मांग करने वाले सभी लोग क्रांतिकारी हैं।



## भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं ने तिरंगा यात्रा निकाल कर जताया विरोध

**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**फूलपुर।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने विगत कई दिनों से किसानों की समस्याओं को लेकर दे रहे धरने को व्यापक रूप देते हुए सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाल कर अधिकारियों कर्मचारियों के विरोध में नारे बाजी करते हुए ब्लाक मुख्यालय पहुंच कर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि समय रहते हुए किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन उग्र किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की होगी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा के नेतृत्व में भारी संख्या में किसानों ने ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा बाबूगंज से निकाल कर नारे बाजी करते हुए सहसों ब्लाक मुख्यालय पहुंच कर खंड विकास अधिकारी देव कुमार यादव को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि विगत कई दिनों से चल रहे धरना प्रदर्शन को स्थानीय अधिकारी कर्मचारी चुप्पी साधे हुए है ऐसे में अधिकारियों की लापरवाही सामने आती है साथ ही साथ भ्रष्टाचार में मिली भगत होने का सीधा संकेत मिलता है किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि जिन बिंदुओं पर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है उस पर आंख क्यों बंद किए हुए है जिसे खंड विकास अधिकारी देव कुमार यादव ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल मौके पर देवनागरी और बाबूगंज पाली पहुंच कर निरीक्षण करते हुए जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया । उक्त मौके पर महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा,उपाध्यक्ष अरविंद कुमार विश्वकर्मा,फूलनदेवी पटेल,सरिता पाल,उर्मिला देवी,अनारकली,हरगोविंद यादव, अशोक मिश्रा,जिया लाल,सचिन कुमार,कमलेश कुमार,राजेंद्र पटेल,शांति देवी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## फूलपुर में उच्चकों ने ए टी एम कार्ड बदल कर 50हजार रुपए उड़ाए

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फुलपुर । शातिर उ**च्चकों ने एटीएम कार्ड से पैसे निकालते समय छात्र को चकमा देकर उसे बातों में उलझा कर एटीएम कार्ड बदल कर उसके खाते से पचास हजार रुपए निकाल लिए। मोबाइल पर मैसेज देख छात्र ने तुरंत बैंक की शाखा में खाता संचालन पर रोक लगाते हुए फूलपुर पुलिस से अज्ञात उचक्कों के खिलाफ तहरीर देकर पैसे वापस कराने की मांग की है। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के सराय हुसैना उर्फ चोरकरिया गांव निवासी चंद्रशेखर पटेल का 18 वर्षीय पुत्र दिव्यज्योत पटेल मंगलवार को बाबूगंज स्थित यूनियन बैंक की शाखा में लगे एटीएम से घर में वैवाहिक कार्यक्रम के लिए रुपए निकालने आया था। दिव्यज्योत पटेल ने रुपए निकालने के लिए जैसे ही एटीएम मशीन में एटीएम कार्ड डालकर पिन कोड डाला तो मशीन से रुपए नहीं निकलें। जब तक वह कुछ समझ पाता तब तक पीछे खड़े दो शातिर उचक्कों ने उसे बातों में उलझा कर बहुत ही शातिर तरीके से उसके एटीएम कार्ड को मशीन से बदल दिया। पैसे ना निकलने की शिकायत करने वह बैंक में शाखा प्रबंधक के पास पहुंचा ही था कि उसके खाते से 49990 रुपए निकालने के मैसेज आ गए। शाखा प्रबंधक को सूचित करते हुए वह बाहर आए तो देखा कि दो शातिर उचक्के बाइक लेकर फरार हो गए। मुक्त भोगी की शिकायत पर शाखा प्रबंधक ने खाता संचालन पर रोक लगाते हुए शातिरों की पहचान के लिए बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों की छानबीन की। परंतु वह पहचान में नहीं आए सके। भुक्तभोगी ने फूलपुर कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात शातिर चोर उचक्कों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पैसे वापस करने की मांग की है। इस संबंध में इफको पुलिस चौकी प्रभारी नवनीत कुमार सिंह ने बताया कि बैंक व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल के साथ ही उचक्कों की पहचान के लिए जांच की जा रही है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने बॉर्डर पॉइंट पर चलाया चेकिंग अभियान

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। महाकुम्भ**-2025 के प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा के साथ थाना कोखराज क्षेत्रांतर्गत अन्तर्जनपदीय बॉर्डर पर बैरियर लगाकर व मोर्चा बनाकर की जा रही सघन चेंकिग का एवं डाइवर्जन पॉइंट का निरीक्षण किया गया साथ ही ड्यूटी पर मौजूद पुलिस बल को चेक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।





## इश्क में हुआ अंधा: महबूबा के ही पति को मार डाला

### नाम 'सूर्य - प्रकाश' और दो परिवारों में घोल दिया 'अंधेरा'



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। नाम तो मां बा**प ने बड़े शौक से रखा रहा होगा - सूर्य प्रकाश। करतूत ऐसी घटिया कि खुद और अपनी प्रेमिका दोनों के परिवार में काला घुप्प अंधेरा भर दिया। श्याम नगर के चपौर का रहने वाला बलराम का बेटा पूरा कपूत निकला। खुद और बाप के नाम के अर्थ को डुबा दिया। बलराम का बेटा सूर्य प्रकाश इश्क में इस कदर अंधा हुआ कि जिस प्रेमिका के लिए प्रेमी जान छिड़कता रहा, उसी के पति को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया तब इश्क का भूत उतरा। ये गंदा और शर्मनाक मामला यमुना नगर के मेजा क्षेत्र का है। मेजा थाने की पुलिस एवं एसओजी यमुनानगर, सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने कत्ल का खुलासा करते हुए हत्या का अभियुक्त गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर आला कत्ल भी बरामद कर लिया है। संयुक्त पुलिस टीम ने मंगलवार को बिंद चौराहे से मु0अ0सं0 38/25 धारा 103(1)/238(क) बी0एन0एस0 में वाछित अभियुक्त सूर्यप्रकाश बिंद पुत्र बलराम बिंद निवासी ग्राम श्यामनगर चपौर थाना मेजा प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया। निशानदेही पर आलाकत्ल भी पुलिस ने बरामद किया है।

मेजा थाने पर 24 जनवरी को मनीष कुमार बिन्द पुत्र विजय शंकर बिन्द निवासी श्यामनगर चपौर थाना मेजा प्रयागराज द्वारा तहरीर दी गई कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी के बडे भाई आशीष कुमार बिन्द की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर बिन्द चौराहा से सूर्य प्रकाश को गिरफ्तार कर थाने लाए। पुलिस की मानें तो थाना में पूछताछ करने पर उसने घटना को स्वीकार कर निशानदेही पर आलाकत्ल एक लाठी बरामद कराया।

**आशनाई में रोड़ा बनने पर मार डाला**

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह आशीष कुमार बिन्द की पत्नी से प्यार करता है। किसी भी कीमत पर उसको पाना चाहता था। मेरे और आशीष की पत्नी के बीच में आशीष कुमार अड़चन बन रहा था। इसे रास्ते से हटाकर ही आशीष की पत्नी को पा सकता था। इसलिए आशीष कुमार बिन्द को लाठी से मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस को आला कत्ल एक लाठी, मृतक के मफलर और जूते भी बरामद कराए। गिरफ्तार करने वाली थाना मेजा पुलिस टीम में प्र0नि0 राजेश उपाध्याय , उ0नि0 हरिहरनाथ त्रिपाठी, हे0का0 जयप्रकाश मिश्रा, हे0का0 जितेन्द्र कुमार, का0 आकाश पाण्डेय, सर्विलांस टीम के उ0नि0 प्रमोद यादव(सर्विलांस प्रभारी) का0 विजय सिंह, अजय सिंह, रवि यादव, एसओजी यमुनानगर टीम के उ0नि0 नवीन कुमार सिंह (प्रभारी), हे0का0 फिरोज खान, चालक दिनेश सिंह, का0 रंजीत यादव, आकाशदीप सिंह, अनुराग यादव, जसवीर सिंह, सिद्धेश्वर पाण्डेय, मनोज कुमार शामिल रहे।

## डीएम ने मुख्य स्नान पर्व को लेकर फाफामऊ के बेला कछार समेत कई स्थानों का किया निरीक्षण





**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर। जिला**धिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ व डीसीपी नगर अभिषेक भारती ने मंगलवार को महाकुंभ-2025 के मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत बेला कछार, फाफामऊ ब्रिज से मेला क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने होल्डिंग एरिया में व्यवस्थाओं तथा कंट्रोल रूम पहुंचकर वहां पर सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से की जा रही निगरानी का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## चप्पल पसंद न आने पर किशोर ने लगाई फांसी

### फंदे से लटका मिला शव, परिजनों ने तंत्र-मंत्र को बताया वजह

**सबसे तेज प्रयागराज**



**बिजनौर!** हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव पावटी में 12 वर्षीय छात्र ने चप्पल पसंद न आने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान संजय के पुत्र रचित के रूप में हुई है, जो स्थानीय जूनियर हाईस्कूल में कक्षा 6 का छात्र था। घटना गणतंत्र दिवस के दिन की है। रचित ने सुबह स्कूल जाने से पहले नई चप्पल की मांग की थी। पिता ने उसे स्कूल से लौटने के बाद चप्पल दिलाने का वादा किया। जब वह स्कूल से लौटा, तो पिता उसे बाजार से नई चप्पल लेकर आए। लेकिन चप्पल पसंद न आने पर रचित ने उसे बदलवाने की जिद की। परिवार के सदस्यों ने उसे बाद में चप्पल बदलवाने का आश्वासन दिया। इसी बीच रचित ने कमरे में जाकर अपनी मां की साड़ी से खिड़की में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार ने बिना पुलिस को सूचित किए सोमवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

## ये जड़ी पूरे शरीर में भर देगी जोश, बस छोटे से टुकड़े को एक कप दूध के साथ लें...अंग-अंग में दौड़ेगी ताकत!



**आयुर्वेदाचार्य की मानें तो, मूसली का सेवन महिलाओं एवं पुरुषों में बदन दर्द, शारीरिक तथा मानसिक दुर्बलता, त्वचा में निखार, पेशाब में जलन तथा रक्तचाप जैसी समस्याओं को बिना किसी साइड इफेक्ट के दूर करता है.**

. सफेद मूसली को मुख्य रूप से शारीरिक क्षमता बढ़ाने वाली जड़ी बूटी के रूप में जाना जाता है. आयुर्वेद के अनुसार यह सर्दियों के लिए काफी अच?छी औषधि है. महिला हो या पुरुष, स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं में इसका सेवन लाभदायक माना जाता है. पिछ्ले 40 वर्षों से कार्यरत पतंजलि आयुर्वेदाचार्य भुवनेश पांडे ने सर्दियों में इसके सेवन तथा उससे होने वाले लाभ पर विशेष जानकारी साझा की है. आयुर्वेदाचार्य की मानें तो, मूसली का सेवन महिलाओं एवं पुरुषों में बदन दर्द, शारीरिक दुर्बलता, त्वचा में निखार, पेशाब में जलन तथा रक्तचाप जैसी समस्याओं को बिना किसी साइड इफेक्ट के दूर करता है.

1000 रुपए प्रति किलो बिकता है सफेद मूसली

बिहार के पश्चिम चम्पारण जिले में सफेद मूसली की खेती बड़े स्तर पर की जाती है. ज़िले के मझौलिया प्रखंड निवासी कृषक रामाशंकर शर्मा बताते हैं कि औषधीय गुणों से भरपूर होने की वजह से अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में इसकी डिमांड खूब होती है. आम दिनों में भी बाजार में इसकी कीमत 1000 रुपए प्रति किलो के आस पास ही होती है. विभिन्न प्रकार की दवाईयों में इसका इस्तेमाल होने की वजह से विशेषकर सर्दियों में इसकी डिमांड बढ़ जाती है.

शरीर के दर्द एवं रक्तचाप को करता है संतुलित

आयुर्वेदाचार्य भुवनेश बताते हैं कि सर्दियों में यदि आपको अक्सर बदन दर्द की शि?कायत रहती है, तो प्रतिदिन सफेद मूसली की जड़ का सेवन फायदेमंद हो सकता है. ठंड की वजह से बढ़ने वाले रक्तचाप तथा गठिया के दर्द रोग में भी यह बेहद लाभकारी होता है.

शारीरिक एवं मानसिक दुर्बलता दूर करने के लिए प्रसिद्ध

दुनिया भर में मूसली का सबसे ज्यादा उपयोग शारीरिक शिथिलता या दुर्बलता को दूर करने वाली आयुर्वेदिक दवाईयों को बनाने में किया जाता है. यदि आप इसके चूर्ण का सेवन आयुर्वेदिक तरीके से करते हैं, तो यह शारीरिक तथा मानसिक दुर्बलताओं को दूर कर नई ऊर्जा के प्रवाह में मदद करता है. सफेद मूसली के इस खास गुण की वजह से दवाई बनाने वाली कम्पनियों में इसकी डिमांड खूब रहती है.

महिलाओं के लिए भी फायदेमंद

पुरुष ही नहीं, महिलाओं के लिए भी मूसली बेहद लाभकारी होती है. यह उम्र के असर को कम कर सुन्दरता बढ़ाने में मददगार साबित होती है. इसके अलावे महिलाओं की अन्य प्रमुख समस्याओं में भी इसका सेवन फायदेमंद होता है.

पेशाब में जलन के लिए लाभकारी

जानकार बताते हैं कि पेशाब में जलन की शिकायत होने पर सफेद मूसली की जड़ को पीसकर यदि इलायची के साथ दूध में उबालकर पिया जाए, तो इससे बेहद लाभ हो सकता हो सकता है. ध्यान देने वाली बात यह है कि दिनभर में 5 ग्राम तक सफेद मूसली का सेवन उत्तम माना जाता है.

# अमेरिका की आतंकी घटनाएं लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता दोनों के लिए गम्भीर खतरा

**देखा जाए तो आतंकवादी निरोधी उपाय करने में पूरी दुनिया कई हिस्सों में बंट चुकी है और सभी गुट प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से एक-दूसरे के खिलाफ आतंकियों को शह दे रहे हैं, जिससे उनकी नृशंस करतूतें बेरोकटोक जारी हैं।**



दुनिया का थानेदार बन चुके अमेरिका में नए वर्ष पर एक के बाद एक हुए तीन आतंकी हमलों से न केवल अमेरिकी नागरिक बल्कि पूरी दुनिया में लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता की चाह रखने वाले लोग भी स्तब्ध हैं! क्योंकि ये घटनाएं लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता दोनों के लिए गम्भीर खतरा बन चुकी हैं। कहना न होगा कि ब्रेक के बाद हुई इन जघन्य आतंकी घटनाओं की पुनरावृत्ति से यह साफ हो चुका है कि आतंकवाद एक लाइलाज मर्ज बन चुका है। इसका माकूल इलाज करने में दुनियावी लोकतांत्रिक सरकारें व उनके मातहत प्रशासन अब तक इसलिए विफल है कि आतंकवाद उन्मूलन को लेकर उसके दोहरे मानदंड हैं। बता दें कि नए साल के जश्न के दौरान न्यू ऑरलियन्स में एक ड्राइवर ने अपना पिकअप ट्रक भीड़ पर चढ़ा दिया और उन पर गोलीबारी भी की। इस प्रकार अमेरिका में नए वर्ष का आरंभ तीन हिंसक हमलों से हुआ। पहला आंतकी हमला न्यू ऑरलियंस में बुधवार तड़के हुआ जिसमें अमेरिका के ही एक भूतपूर्व सैनिक ने जश्न मना रहे लोगों पर तेज रफ्तार पिकअप ट्रक चढ़ा दिया जिसमें मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। वहीं, दूसरी आतंकी वारदात इसके कुछ ही घंटों बाद हुई, जब लास वेगास में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के होटल के बाहर एक टेस्ला साइबर ट्रक में विस्फोट हुआ जिसमें ट्रक में मौजूद व्यक्ति की मौत हो गई और सात घायल हो गए। जांचकर्ता इस विस्फोट की जांच आतंकी घटना के तौर पर ही कर रहे हैं और उन्हें इस घटना एवं न्यू आरलियंस की घटना के बीच लिंक भी मिला है। वहीं, तीसरी आतंकी घटना बुधवार को रात 11.20 बजे घटी। जिसमें न्यूयार्क में क्वीन्स के अमाजुरा नाइटक्लब के बाहर तीन से चार लोगों के समूह ने कम से कम 30 राउंड फायरिंग की। इसमें 16 से 20 आयुवर्ग के लड़के-लड़कियां घायल हुए हैं। किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। इस नाइटक्लब में हुई लक्षित फायरिंग में 11 लोग घायल हो गए।

उल्लेखनीय है कि न्यू ऑरलियंस में हमले को अंजाम देने वाला 42 वर्षीय शमशुद्दीन जब्बार टेक्सास निवासी अमेरिकी नागरिक है, जो अमेरिका सेना में काम कर चुका है। वह साल 2007 में सेना में शामिल हुआ था। वर्ष 2009 से 2010 तक वह अफगानिस्तान में तैनात रहा था। जबकि वर्ष 2020 में उसने स्टाफ सार्जेंट की रैंक पर रहते हुए सेना छोड़ दी थी। उसके ट्रक के पिछले हिस्से से इस्लामिक स्टेट (आईएस) का झंडा मिला है। शुक्र है कि अमेरिकी पुलिस ने तत्काल ही मुठभेड़ में उसे मार गिराया था। अन्यथा वह और कई लोगों की जान ले लेता।

वहीं, एफबीआई का मानना है कि वह अकेला नहीं था बल्कि उसके साथ और भी लोग शामिल थे, जिनकी खोज में पुलिस जुटी हुई है। हैरत की बात है कि जांचकर्ताओं को जब्बार के वाहन से दो पाइप बमों समेत कई आईईडी भी मिली हैं। वहीं, सर्विलांस फुटेज से पता चला है कि तीन पुरुष एवं एक महिला इनमें से एक उपकरण को लगा रहे थे, लेकिन एफबीआई ने इसकी पुष्टि नहीं की। इस हमले के बाद नववर्ष के पहले दिन होने वाला शुगर बाउल गेम स्थगित कर दिया गया। उधर, लास वेगास में ट्रंप होटल के बाहर विस्फोट करने वाले टेस्ला के साइबर ट्रक के पिछले हिस्से में फायरवर्क मोर्टार और गैसोलीन के कनस्तर लदे थे। ब्राजील से लास वेगास आई एक प्रत्यक्षदर्शी अना ब्रूस ने बताया कि उसने तीन विस्फोटों की आवाज सुनी थी। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां न्यू ऑरलियंस के आतंकी हमले और लास वेगास में ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर टेस्ला साइबर ट्रक विस्फोट के बीच किसी भी संभावित कनेक्शन की जांच कर रही हैं। दोनों घटनाओं में इस्तेमाल किए गए वाहन एक कार रेंटल साइट %टुरो% से किराये पर लिए गए थे, जिससे अधिकारियों को दोनों घटनाओं के बीच संबंधों की तलाश करने के लिए प्रेरित किया गया। हम लास वेगास में ट्रंप होटल के बाहर साइबर ट्रक के विस्फोट को ट्रैक कर रहे हैं।सोचने वाली बात तो यह है कि जब अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंफ ने बातों ही बातों में दो टूक कह दिया कि उनके देश में आने वाले अपराधी देश में मौजूद अपराधियों से ज्यादा बुरे हैं, तो उनकी बातों को गम्भीरता से लिए बिना उनका मजाक उड़ाया गया। यदि समय रहते ही अमेरिकी प्रशासन संभल गया होता तो इन घटनाओं को टाला जा सकता था। नववर्ष 2025 जैसे मौके पर वहां ताबड़तोड़ हुई अकल्पनीय हिंसक वारदातें यह जाहिर कर चुकी हैं कि ट्रंफ गलत नहीं थे। वहीं, टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह आतंकवादी कृत्य है। फिर वह विश्वास पूर्वक कहते हैं कि यह आतंकवादी कृत्य है।देखा जाए तो आतंकवादी निरोधी उपाय करने में पूरी दुनिया कई हिस्सों में बंट चुकी है और सभी गुट प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से एक-दूसरे के खिलाफ आतंकियों को शह दे रहे हैं, जिससे उनकी नृशंस करतूतें बेरोकटोक जारी हैं। चाहे अमेरिका हो या इजरायल, फ्रांस हो या जर्मनी, इंग्लैंड हो या भारत, सभी देश किसी न किसी रूप में आतंकवादियों/अतिवादियों से जूझ रहे हैं। फिर भी खुले दिल से एक दूसरे का सहयोग नहीं कर पा रहे हैं और सवाल उठने पर अपनी-अपनी राजनयिक मजबूरियों का हवाला देते हैं।

वहीं, दूसरी ओर चाहे चीन हो या रूस, तुर्किये हो या ईरान, पाकिस्तान हो या अफगानिस्तान, बंगलादेश हो या सीरिया, ऑस्ट्रेलिया हो या जापान, दक्षिण अफ्रीकी देश हों या दक्षिण अमेरिकी मुल्क, आतंकवाद निरोधी सबकी प्राथमिकताएं अलग-अलग हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिकियों की देखा-देखी सबने अपने-अपने आतंकियों की फौज पाल ली है, ताकि वो अपना-अपना कारोबारी और राष्ट्रीय हित साध सकें। इसी का फायदा अरब देशों के शांतिप्रिय समुदाय को मिल रहा है। इस स्थिति ने दुनिया में इस्लामिक शासन और सरिया कानून को लागू करने के उनके मंसूबे को साकार कर दिया है। जिस तरह से वे लोग तुर्किये, ईरान और पाकिस्तान आदि की अगुवाई में संगठित होकर कदमताल भरते हुए आगे बढ़ रहे हैं, उससे साफ है कि चरित्र विहीन धर्मनिरपेक्षता देर-सबेर उनकी सांप्रदायिक जिद्द के सामने घुटने टेक ही देगी। अफगानिस्तान उनके लिए रोल मॉडल बन चुका है। बंगलादेश उनके लिए नया प्रयोगशाला बन चुका है। इन जैसे विभिन्न मुल्क़ों में आतंकियों की सरकारों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अमेरिका और भारत जैसे आतंकवाद पीड़ित देशों का भी समर्थन प्राप्त है, चाहे इन देशों की लाचारी जो भी हो।सच कहूं तो जिस तरीके से इस्लाम परस्त वीर बांकुड़े आतंकी रह-रह कर पूरी दुनिया में अपने नृशंस कारनामें दिखा रहे हैं, एक न एक दिन लोग भयजदा होकर उनकी अधीनता स्वीकार कर ही लें। जहां-तहां ऐसा हो भी रहा है।यही वजह है कि कथित लोकतंत्र की डींगें हांकने वालों और ढपोरशंखी धर्मनिरपेक्षता की शोर मचाने वालों को अब यह समझ में नहीं आ रहा है कि आतंक प्रेमी %शांतिप्रिय समुदाय% की बढ़ती नापाक वैश्विक आतंकी आकांक्षाओं यानी आतंकवाद के दबदबे वाले शासन-प्रशासन के स्वरूप को आखिर थामा कैसे जाए? क्योंकि आतंकवादियों के हौसले बुलंद हैं। चूंकि उनका शुभचिंतक देश पाकिस्तान, ईरान, तुर्किये, कनाडा आदि जैसे हैं। लिहाजा, अब ये भस्मासुर की तरह अमेरिका को ही भस्म करने पर उतारू हैं।

वैसे तो भारत और इजरायल जैसे देश उनके एजेंडे में बहुत पहले से हैं। चूंकि उनके मंसूबे अफगानिस्तान से लेकर बंगलादेश तक में सफल हो चुके हैं, इसलिए उन्हें अब रोक पाना संभव नहीं है। वो देर-सबेर पूरी दुनिया में इस्लामिक हुकूमत और सरिया कानून लागू करवा लेंगे, क्योंकि धर्मनिरपेक्ष लोग उद्देश्य विहीन उपभोग में मस्त हैं। उनका समाजवादी लोकतंत्र, पूंजीवादी चोला ओढ़ चुका है। वह अपने निहित लाभ के लिए तरह-तरह के ÷मानवताद्रोही अर्थव्यवस्था÷ को बढ़ावा दे रहा है। इससे परेशान लोगों द्वारा आतंकवादियों/अतिवादियों/नक्सलियों को मदद मिल रही है। आलम यह है कि आजकल लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता दोनों परस्पर मिलकर हिंसा-प्रतिहिंसा का निर्यात कर रहे हैं और गैर जरूरतमंद देशों को भी इसके आयात के लिए बाध्य करते हैं। शांतिप्रिय समुदाय को यदि जियो और जीने दो का पाठ यह दुनिया नहीं पढ़ा पा रही है तो इसका सीधा मतलब है कि उसे सिर्फ कारोबारी लाभ से वास्ता है, भले ही वह बम-बारूद, कफ़न-ताबूत के कारोबार को ही बढ़ाकर क्यों नहीं हासिल की जाए। यह कड़वा सच है कि अबतक पिछले दरवाजे से दुनिया को आतंकवाद और सुरक्षा उपकरणों का निर्यात करने वाला अमेरिका अब खुद उनकी जद में आता जा रहा है, क्योंकि नाटो विरोधियों से उन्हें आर्थिक व नैतिक मदद मिल रही है।

### संपादकीय

## निशाने पर मुजीब

बांग्लादेश में उग्र छात्र आंदोलन के बाद जो स्थितियां बनी हैं वे न तो इस देश के हित में हैं और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्ष में। जनविद्रोह की स्थितियों के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के पलायन के बाद लगातार बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु मुजीबुर्रहमान के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है।

जिसकी शुरुआत तब देखने को मिली, जब अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने पिछले साल 16 दिसंबर को बिजॉय दिबोश यानी विजय दिवस के मौके पर दिए गए संबोधन में युवा राष्ट्र के संस्थापक कहे जाने वाले शेख मुजीबुर रहमान का उल्लेख तक नहीं किया। उल्लेखनीय है कि यह दिवस भारत में भी विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन वर्ष 1971 में जहां भारतीय रक्षा बलों के सामने पाकिस्तान की विशाल सेना के आत्मसमर्पण की याद दिलाता है, वहीं बांग्लादेश के दमन व अत्याचार से मुक्ति का भी दिन है। इस संदर्भ में मोहम्मद यूनुस ने जहां अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन को दुनिया के सबसे बुरे निरंकुश शासन के रूप में वर्णित किया, वहीं मुजीबुर्रहमान की पूरी तरह अवहेलना की। निश्चित रूप से यह देश के संस्थापक की उपेक्षा के साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का भी अपमान है। दरअसल, राजनीतिक दुराग्रह के चलते अंतरिम सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को भले ही मिटा न सके,लेकिन वो इसे कमजोर करने पर जरूर अमादा है। यहां तक कि शैक्षिक पाठ्यक्रम से भी छेड़छाड़ की जा रही है। कहा जा रहा है कि कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश के प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के पाठ्यक्रम में बताएगी कि देश को आजाद कराने में मुजीबुर्रहमान ने नहीं बल्कि जियाउर रहमान ने निर्णायक भूमिका निभाई थी। उन्होंने ही बांग्लादेश को स्वतंत्र करने की घोषणा की थी। इस तरह अराजकता व अल्पसंख्यकों पर हमलों के बीच नये विमर्श गढ़ने की कोशिश की जा रही है।दरअसल, अंतरिम सरकार और कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं।

निश्चित रूप से बांग्लादेश मुक्ति अभियान के दौरान जियाउर रहमान एक सम्मानित सैन्य अधिकारी थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने 1971 के युद्ध में विशिष्टता के साथ सेवाएं दी थी। वे कालांतर बांग्लादेश के राष्ट्रपति भी बने थे। अपदस्थ सरकार के कर्ताधर्ता दलीलें दे रहे हैं कि उनके योगदान को राष्ट्र द्वारा उचित रूप से सम्मान देना चाहिए। लेकिन हकीकत यह भी है कि इसके जरिये मुजीबुर्रहमान के योगदान को कम करने की कोशिशें भी की जा रही हैं। जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार करना अनुचित ही होगा। दरअसल, यह सिर्फ सत्ता के केंद्र में आए व्यक्तियों की बयानबाजी तक ही सीमित नहीं है बल्कि बांग्लादेश में मुजीब के चित्र वाले नोटों को भी चरणबद्ध तरीके से बंद करने की कुत्सित कोशिशें की जा रही हैं।

निश्चित रूप से गलत दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि तमाम निर्णय कहीं न कहीं राजनीतिक दुराग्रहों से प्रेरित हैं। इसके बावजूद कि बांग्लादेश में कार्यवाहक सरकार खुद को बार-बार अराजनीतिक कहने से नहीं चूकती। यहां उल्लेखनीय है कि जियाउर रहमान की विधवा और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया, फिलहाल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी की प्रमुख हैं।

जिसके साथ कार्यवाहक सरकार के मधुर रिश्ते हैं। वहीं सत्ता हासिल करने को बेताब बीएनपी चुनाव में हो रही देरी से भी बेचैन हो रही है। दरअसल, सरकार पर उन छात्र नेताओं का भी बड़ा दबाव है, जिन्होंने शेख हसीना के खिलाफ हुए आंदोलन का नेतृत्व किया था। जिसके बाद शेख हसीना को बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा था। कालांतर उन्होंने भारत में शरण ली थी। असल में, छात्र नेता दबाव बना रहे हैं कि वर्ष 1972 के बांग्लादेश के संविधान को फिर लिखा जाए। वे संविधान को मुजीबिस्ट चार्टर बता रहे हैं। आरोप है कि इसी ने भारत की आक्रामकता का मार्ग प्रशस्त किया। निश्चित रूप से मुजीब विरोधी आख्यान और भारत विरोधी बयानबाजी मिलकर बांग्लादेश की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं पर पानी फेर सकती हैं।

# डॉ. मनमोहन सिंह जैसे नेता चाहिए देश को

एक ओर हम मनमोहन सिंह के निधन के बाद उनके प्रति जनता को अपना दिल उड़ेलते हुए देख सकते हैं। दूसरी ओर, कड़वाहट का मार्ग है जिसमें किसी व्यक्ति को असभ्यता और उंगली की ओर इशारे से नीचे खींचने की हरकत है। यह स्पष्ट सत्य है कि सरकार ने एक स्मारक स्थल का नामकरण करने में देरी की ताकि डॉ. सिंह का अंतिम संस्कार एक सार्वजनिक श्मशान में किया जा सके। अगर उस गलती को स्वीकार कर लिया जाता है तो कोई विवाद नहीं होगा। सरकार इसे अभी भी ठीक कर सकती है।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का पिछ्ले सप्ताह 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। डॉ. मनमोहन सिंह को तहेदिल से दी जा रही श्रद्धांजलि हमें और भी बहुत कुछ बताती हैं। यह उन खास गुणों को सामने ला रही हैं जिन्हें हम सभी लोगों में पसंद करते हैं, खासकर उन लोगों में जिन्हें हम नेता कहते हैं। ये वे गुण हैं जो 2014 में डॉ. सिंह के प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद से सत्ता पक्ष से गायब हो गए हैं।डॉ. सिंह के गुणों में शिष्टता, समझदारी, बोलने का संयमित तरीका, मानवीयता का दृष्टिकोण, सादगी और विनम्रता, लोगों की बात सुनने की भावना और चोट पहुंचा सकने वाले शब्दों का उपयोग करने से दृढ़ इनकार शामिल हैं। किसी का स्पष्ट अपमान करने में हिचकिचाहट और भले ही वह कड़वा सच जो दूर से कठोर लग सकता है, तो ऐसी कड़ी बात से त्वरित वापसी जैसे गुण उनमें थे। इनके अलावा तकनीकी ज्ञान, विशाल अनुभव और विनम्र पृष्ठभूमि के साथ आए उनके असंख्य बोनस गुणों पर विचार नहीं किया गया जिनके बलबूते उन्होंने अपने संघर्षमय जीवन की शुरुआत की।

क्या डॉ. सिंह में कोई कमियां नहीं थीं? निश्चित रूप से थीं। उनके बारे में इतिहास फैसला सुनाएगा और शायद जैसा कि डॉ. सिंह ने स्वयं एक बार कहा था, यह फैसला उन लोगों के दिए फैसले की तुलना में अधिक दयालु होगा जिन्होंने उन पर एक ऐसे प्रतिष्ठान की अध्यक्षता करने का आरोप लगाया है जो अपना रास्ता खो चुका है और जिसके कारण पहली बार, भाजपा सत्ता पर काबिज हो सकी। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में उनके बाद इस पद पर आना विनाशकारी होगा।उन्होंने जनवरी 2014 में कहा- मैं ईमानदारी से मानता हूं कि श्री नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में होना देश के लिए विनाशकारी होगा%। विचार करें कि सिंह ने खुद इसे बाद में एक कठोर टिप्पणी के रूप में देखा और जब 2018 में उनसे मूल टिप्पणी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा =मैंने कहा था कि मोदी प्रधानमंत्री के रूप में एक आपदा होंगे। अब मुझे लगता है कि मैंने



एक कठोर शब्द का इस्तेमाल किया था जिसका मुझे इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था। मैं इसे दोहराना नहीं चाहता। लेकिन वह समय दूर नहीं जब बड़े पैमाने पर जनता को मोदी जी द्वारा बनाई गई सार्वजनिक नीति के प्रभाव पर बोलने का मौका मिलेगा। यह बयान सबसे अलग है और शायद इतिहास में भारत के प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के नाम की सबसे शालीन अस्वीकृति में से एक के रूप में अंकित रहेगा।इसकी तुलना उस अशोभनीयता से कीजिए जिसके साथ भाजपा डॉ. सिंह के अंतिम संस्कार को लेकर राजनीति खेल रही थी। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के निधन पर उनके अंतिम संस्कार को लेकर कथित तौर पर कांग्रेस पार्टी के खराब व्यवहार पर एक अनावश्यक विवाद को उठाने की कोशिश की जा रही है। मनमोहन सिंह के बाद के दौर में लगभग हर मुद्दे को सनसनीखेज, %बनावटी% या सांप्रदायिक बनाने की कोशिश की जाती है। नीतियां और योजनाएं अंडर-बेक्ड और नियंत्रण के बाहर हैं।

एक ओर हम मनमोहन सिंह के निधन के बाद उनके प्रति जनता को अपना दिल उड़ेलते हुए देख सकते हैं। दूसरी ओर, कड़वाहट का मार्ग है जिसमें किसी व्यक्ति को असभ्यता और उंगली की ओर इशारे से नीचे खींचने की हरकत है। यह स्पष्ट सत्य है कि सरकार ने एक स्मारक स्थल का नामकरण करने में देरी की ताकि डॉ. सिंह का अंतिम संस्कार एक सार्वजनिक श्मशान में किया जा सके। अगर उस गलती को स्वीकार कर लिया जाता है तो कोई विवाद नहीं होगा। सरकार इसे अभी भी ठीक कर सकती है।

सामान्यत~ यह कहा जाता है कि नेताओं की मौजूदगी होनी चाहिए और अक्सर वे उस विरासत के बारे में चिंतित होते हैं जो वे पीछे छोड़ते हैं। दरअसल यह एक ऐसा सवाल है जिस पर सभी लोगों को अपने जीवन में किसी मौके पर विचार करना ही होता है। रोजमर्रा के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उपयोग किए जाने वाले एक अभ्यास में अक्सर प्रतिभागियों को उनकी मृत्यु की कल्पना करने के लिए कहा जाता है; और फिर वे यह पता लगाने की कोशिश करते हैं कि वे अपने अंतिम संस्कार में क्या पसंद कर सकते हैं। जवाब का ज्यादातर सत्ता, धन, नस्ल, धर्म या जाति से कोई लेना-देना नहीं है। आपको किस लिए याद किया जाएगा? एक ऐसा प्रश्न है जो उन उत्तरों को ट्रिगर करता है जो ज्यादातर सेवा, मानवता और कनेक्शन से संबंधित होते हैं। यह एक्सरसाईज स्टीफन आर. कोवे के बेस्टसेलर (अत्यधिक प्रभावी लोगों की 7 आदतेंकी पुस्तक से है। यह एक्सरसाईज लोगों को उद्देश्य खोजने, अधिक सार्थक रूप से जीने और अपने साथी-सहयोगियों के प्रति देखभाल की समझ विकसित करने में मदद कर सकती है।

जब पर्दा गिरेगा तब तुच्छ और बड़बोलेपन से दूर एक हकीकत सामने आएगी जो एक शाश्वत कहानी है- भव्यता को शालीनता मात देती है, साधारण कुर्ता फैशनेबल कपड़ों को पछाड़ देगा और मेजें थपथपाने, छाती पीटने या एक लाईन की टिप्पणियों के शोर-शराबे में एक छोटा सा काम अपने आप उभरकर सामने आएगा।हम नए साल में कदम रख रहे हैं लेकिन कुछ घटनाएं वैश्विक स्तर पर प्रभावी होती हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता जिमी कार्टर का 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कार्टर और 20 जनवरी, 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने वाले डोनाल्ड ट्रम्प के बीच अनोखा विरोधाभास है। इजरायल पर कार्टर की स्पष्ट और सुसंगत नीति, फिलिस्तीनियों के अधिकारों के लिए उनकी लड़ाई या राष्ट्रपति बनने से पहले अमेरिकी लोगों के लिए उनके शब्दों पर विचार करें- अगर मैं कभी आपसे झूठ बोलता हूं, अगर मैं कभी भी भ्रामक बयान देता हूं तो मुझे वोट न दें। तब मैं आपका राष्ट्रपति बनने के लायक नहीं हूं।यह हकीकत है कि कार्टर अगला चुनाव रोनाल्ड रीगन से हार गए। मनमोहन सिंह भी दो कार्यकाल के बाद मोदी से हार गए। दोनों मामलों ने राजनीति का स्वरूप तय किया। फिर भी, उनके जाने के लंबे समय बाद ये नेता लोगों के दिल, दिमाग और इतिहास की किताबों में विजेता के रूप में खड़े होंगे।

# मौनी अमावस्या के पूर्व संगम में उमड़ा जन सैलाब






**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**महाकुंभ नगर। को महाकुम्भ** के महा अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या के एक दिन पूर्व से ही संगम की त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने के लिए स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरती पर महाकुम्भ के सबसे प्रमुख अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर करोड़ों श्रद्धालु पावन संगम त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने के लिए तीर्थराज प्रयाग की नगरी संगम में लगातार आ रहे हैं` इस महापर्व पर आस्था का जनसैलाब उमड पड़ा हैं जिधर भी नजर जा रही है अपार जनसमूहश्रद्धालु/स्नानार्थीं दिखाई पड़ रहे हैं। अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर्व पर महाकुम्भ मेला क्षेत्र में दिन की शुरूआत के साथ-साथ श्रद्धालुओ/स्नानार्थियों की भीड़ निरंतर बढ़ती जा रही है

श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व सुरक्षित स्नान हेतु सभी प्रवेश द्वारों/चौराहों/पार्किंग स्थलों/स्नान घाटों पर व्यापक पुलिस प्रबन्ध किए गए है`जिसके तहत सम्पूर्ण महाकुम्भ मेला क्षेत्र मे नागरिक पुलिस,यातायात पुलिस,महिला पुलिस,अग्निशमक दल, पीएसी के जवान, बाढ़ राहत दल, एस0डी0आर0एफ0, एन0डी0आर0एफ0, घुड़सवार पुलिस, आरएएफ, एटीएस के कमाण्डो, अर्धसैनिक बल के जवान व बम निरोधक दस्ता की टीमें व्यवस्थापित की गई हैं।

संगम घाट सहित महाकुम्भ के अन्य सभी घाटों पर जल पुलिस के साथ-साथ मोटर-बोट नियुक्त कर स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु कड़े प्रबन्ध किये गये हैं एवं गोताखोर/डीप डाइवर के भी समुचित प्रबन्ध किये गये हैं। स्टीमर के माध्यम से लगातार संगम घाट एवं अन्य सभी घाटों की निगरानी की जा रही है। सुरक्षा के दृष्टिगत घाटों/जल में लगे फ्लड कम्पनी के जवानों द्वारा सतर्कता बरती जा रही है एवं सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन के माध्यम से चप्पे-चप्पे पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है`

मेला क्षेत्र में आने-जाने वाले सभी श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों से 'पब्लिक एड्रेस सिस्टम' के *माध्यम से लगातार अनुरोध किया जा रहा है कि

1- सभी श्रद्धालु/स्नानार्थी मेला क्षेत्र में आने के लिए निर्धारित मार्गो का ही उपयोग करें एवं सावधानी पूर्वक स्नान कर अपने गंतव्य को सकुशल वापस जाये।
2- परेड क्षेत्र से मेला क्षेत्र की ओर आने वाले श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों से अनुरोध हैं निर्धारित स्नान घाट पर ही स्नान करें`
3- झूंसी क्षेत्र से मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों से अनुरोध है कि झूंसी की तरफ बने स्नान घाटों पर स्नान करें`
4- शहर वासियों से अनुरोध है कि हाशिमपुर फ्लाईओवर के माध्यम से बक्शी बाँध होकर नागवासुकी इंटरलॉकिंग के रास्ते निर्धारित स्नान घाटों पर पहुँचकर कुशलता पूर्वक स्नान करें`
5- अरैल क्षेत्र से मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों से अनुरोध है कि अरैल की तरफ बने स्नान घाटों पर स्नान करें`

इस महापर्व मौनी अमास्या के स्नान पर्व पर लगातार मेला क्षेत्र अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज, पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज, पुलिस उप महानिरीक्षक महाकुम्भ वैभव कृष्ण, मेलाधिकारी महाकुम्भ, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भ के द्वारा समस्त पुलिस कर्मियों की कुशलता लेते हुए ड्यूटी पर उनके साथ मुस्तैद होकर उनका उत्साहवर्धन किया जा रहा हैं व कमाण्ड सेंटर के माध्यम से मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों से भी लगातार मेले का हाल लिया जा रहा हैं एवं सर्व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

## मौनी अमावस्या को लेकर डीएम एसपी ने सघन चेंकिग कर डाइवर्जन पॉइंट का निरीक्षण किया




**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी। म**हाकुम्भ-2025 के प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा जिलाधिकारी कौशाम्बी मधुसूदन हुल्गी के साथ थाना कोखराज क्षेत्रांतर्गत अन्तर्जनपदीय बॉर्डर पर बैरियर लगाकर व मोर्चा बनाकर की जा रही सघन चेंकिग का एवं डाइवर्जन पॉइंट का निरीक्षण किया गया साथ ही ड्यूटी पर मौजूद पुलिस बल को चेक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए तथा महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं से भी वार्ता की गयी एवं उनका कुशल क्षेम पूछा गया तथा सम्बन्धित को श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु आवश्यक दिशा निर्दश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा भी मौजूद रहे।

## डीएम ने जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण कर लिया जायजा

### जिलाधिकारी ने हिमाचल प्रदेश से महाकुम्भ जा रहें श्रद्धालुओं की मिनी बस हाइड्रा से भिड़ने पर जख्मी श्रद्धालुओं से बात-चीत करते हुए जाना हॉल-चाल



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी । जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जिला अस्पताल, मंझनपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर** जानकारी प्राप्त की।

जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी एवं आईसीयू वार्ड सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हिमाचल प्रदेश से महाकुम्भ जा रहें श्रद्धालुओं की मिनी बस कौशाम्बी-फतेहपुर सीमा कनवार के पास हाइड्रा से भिड़ने पर कुछ श्रद्धालू जख्मी हुए हैं, जिनको इमरजेन्सी वार्ड एवं आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है, भर्ती श्रद्धालुओं से जिलाधिकारी ने बात-चीत करते हुए हॉल-चाल जाना। जिलाधिकारी ने उपस्थित डॉक्टरों को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं का उचित उपचार किया जाय, समय-समय पर उनकी देखभाल करते हुए उनकों ट्रीटमेन्ट दिया जाय, भर्ती श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाये। उन्होंने कहा कि डॉक्टर एवं अन्य स्टॉफ जिम्मेदारीपूर्वक अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हुए इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी एवं आईसीयू वार्ड सहित अन्य वार्डों में भर्ती मरीजों का उचित उपचार करें, जिससे किसी भी मरीज को किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में बन रहें निमार्णाधीन भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य को फरवरी के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण कराते हुए भवन को हैण्डओवर कराये जाने के निर्देश दियें, जिससे स्वास्थ्य सेवायें समय से संचालित की जा सकें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 सुनील कुमार शुक्ला एवं उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## स्वर्गीय श्याम सिंह वर्मा पूर्व शिक्षक की स्मृति में हुआ श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा का आयोजन

**सिलवानी।** तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम कुंडाली निवासी पुर्व शिक्षक श्याम सिंह वर्मा के देवलोकगमन होने पर विशाल श्रद्धांजलि एवं प्रर्थना सभा का आयोजन उनके निज निवास कुंडाली में किया गया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम तथा बाहर से पधारे गणमान्य अतिथिगणों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा के चरणों मे विन्रम श्रदांजलि अर्पित कर उनके जीवन काल पर प्रकाश डाला। इस दौरान वरिष्ठ समाजजनों ने मृत्युभोज जैसी कुप्रथा मृत्युभोज जैसी कुप्रथा में फिजूल खर्च को किसी अन्य सामाजिक कार्यो में लगाने पर विचार किया गया

# बिना सूचनापट्ट लगाए घटिया सामग्री से चारदीवारी निर्माण का आरोप, जांच की मांग

### कार्यस्थल पर सूचनापट्ट लगाए बिना चल रहे चारदीवारी निर्माण कार्य.



**अररिया।** भरगामा प्रखंड क्षेत्र के हरिपुरकला पंचायत के वार्ड संख्या तीन स्थित पंचायत भवन की चारदीवारी निर्माण कार्य में निम्न स्तरीय सामग्री का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इसकी जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि घटिया निर्माण कार्य अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा है,लेकिन अधिकारी सब जानते हुए आंखें मूंदे हुए हैं। बताया गया कि ग्रामीणों के द्वारा चारदीवारी के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायत कनीय अभियंता सलमान खुर्शीद से की गई लेकिन वे ग्रामीणों को संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इस संबंध में जेई सलमान खुर्शीद से पूछा गया तो उन्होंने ग्रामीणों के इस आरोप को गलत बताते हुए कहा कि उक्त चारदीवारी निर्माण कार्य बिल्कुल सही तरीके से चल रहा है। बता दें कि भरगामा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न योजनाओं के कार्यस्थल पर प्राक्कलन का बोर्ड लगाए बगैर हीं कार्य किया जाता है। कार्यस्थल पर प्राक्कलन से संबंधित बोर्ड नहीं लगाये जाने की वजह से लोगों को संबंधित योजनाओं की जानकारी नहीं हो पाती है। ऐसे में संवेदक मनमाना ढंग से कार्यों को अंजाम देते हैं।

कई लोगों ने बताया कि कार्य से पूर्व बोर्ड लग जाने की स्थिति में लोग वहां हो रहे कार्यों की गुणवत्ता सहित अन्य चीजों को देखने लगते हैं। इससे बचने के लिए संवेदक के द्वारा कार्य से पूर्व बोर्ड नहीं लगाया जाता है। जबकि प्रावधान के मुताबिक कार्य शुरू करने से पूर्व कार्यस्थल पर बोर्ड लगाना अनिवार्य है। इस संबंध में पंचायत सचिव मनीष कुमार से फोन पर बात कर भवन निर्माण स्थल पर बिना योजना का बोर्ड लगाए काम शुरू करवाने के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि अगर बोर्ड नहीं लगाया गया है तो लगा दिया जाएगा।

## परेड ग्राउंड पर एसडीओ ने किया झंडोतोलन, निकाली गई संदेश परक झांकियां




**दाउदनगर (औरंगाबाद )।** देश का 76वां गणतंत्र दिवस अनुमंडल मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक धूमधाम से मनाया गया। सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया,राष्ट्रगान गाया गया,दिनभर देश भक्ति गीतों से पूरा वातावरण गूंजता रहा।

मुख्य समारोह परेड ग्राउंड में हुआ जहां एसडीओ मनोज कुमार ने झंडोतोलन किया। टाउन हॉल में काराकाट सांसद राजाराम सिंह,अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में एसडीजेएम विकास कुमार,अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ मनोज कुमार,

एसडीपीओ कुमार ऋषिराज,रेड क्रॉस सोशायटी कार्यालय में सचिव डॉ प्रकाशचंद्रा,विधिक संघ में अध्यक्ष निरंजन कुमार,निबंधन कार्यालय में अवर निबंधन पदाधिकारी अमित प्रकाश, अग्निशमन कार्यालय में अग्निशमन पदाधिकारी गुरु हांसदा,प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रखंड प्रमुख विपुल कुमार,मद्य निषेध एवं उत्पाद थाना में थानाध्यक्ष दानी प्रसाद ,अनुमंडल अस्पताल में उपाधीक्षक डॉ राजेश कुमार सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय दाउदनगर में पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार,थाना में थानाध्यक्ष फहीम आजाद खान ने झंडोतोलन किया।अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में संस्थान प्रधानों द्वारा झंडोतोलन किया गया।

मौके पर एसडीपीओ कुमार ऋषि राज, बीडीओ मो जफर इमाम ,पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ,थानाध्यक्ष फहीम आजाद खान,प्रखंड प्रमुख विपुल कुमार, भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी,राजद नगर अध्यक्ष मुन्ना अजीज,जदयू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल,शिक्षाविद सुरेश कुमार गुप्ता,आनंद प्रकाश,ई.विद्या सागर,विनय प्रकाश, सरयू सिंह,आशुतोष पटेल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे.डीवाइन स्ट्रीम मिशन स्कूल में निदेशक प्रवीण सिंह, आर्यभट्ट स्टडी इंस्टिट्यूट में निदेशक डॉ संजय कुमार सिंह, लक्ष्य कोचिंग सेंटर में निदेशक ओम प्रकाश कुमार ने झंडोतोलन किया.इंदिरा गांधी स्मारक स्थल पर डॉ संजय कुमार सिंह,नगर भाजपा कार्यालय में भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम पाठक,शहीद प्रमोद सिंह चौक पर पूर्व सैनिक संघ के अनुमंडल अध्यक्ष जनेश्वर सिंह, अखिल भारतवर्ष के ब्राह्मण महासभा कार्यालय में अध्यक्ष रवि पांडेय, होटल पर्वती में प्रोपराइटर रिंकी कुमारी ने झंडोतोलन किया।

# प्रभारी मंत्री महेश्वर हजारी ने झंडोत्तोलन कर झंडे को दी सलामी, किया पैरेड और झांकियों का निरीक्षण

### समाहरणालय परिसर में डीएम अमित कुमार पांडेय तथा पुलिस अधीक्षक राकेश



**खगड़िया।**
ज़िला मुख्यालय स्थित जे एन के टी मैदान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर बिहार सरकार के सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने झंडोत्तोलन कर झंडे को सलामी दी। पैरेड का निरीक्षण खुली व सुसज्जित जीप पर सवार पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार के साथ किया। मंत्री महेश्वर हजारी ने मद्य निषेध और दहेज प्रथा पर आधारित स्लोगन लिखा गुब्बारा उड़ाया, उन्हें साथ दिया डीएम अमित कुमार पांडेय और एसपी राकेश कुमार ।

मंत्री ने आम जनों के नाम संदेश भी दिया जिसमें अधिकतर ज़िले में चल रही योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट शामिल था। मंत्री ने मीडिया कर्मी सहित उपस्थित सभी गणमान्य लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। विभागों की तरफ से कई आकर्षक झांकियां निकाली गई। मंत्री महेश्वर हजारी ने ज़िले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया। समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी अमित कुमार पांडेय, ज़िला विकास अभिकरण परिसर में उप विकास आयुक्त अभिषेक पलासिया, पुलिस लाईन परिसर में पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार, अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग,

ज़िला परिवहन कार्यालय परिसर में जिला परिवहन पदाधिकारी, ज़िला परिषद परिसर में अध्यक्ष कृष्णा कुमारी यादव, नगर परिषद परिसर में सभापति अर्चना कुमारी,
डॉ राजेन्द्र प्रसाद चौक पर पूर्व विधायक पूनम देवी यादव, नगर थाना परिसर में पुलिस इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, चित्रगुप्त थाना परिसर में थानाध्यक्ष सिंटू कुमार, रेलवे सुरक्षा बल परिसर में इंस्पेक्टर अरविन्द राम राम ने झंडोत्तोलन किया।
ज़िले के सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों, कॉलेजों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, बैंकों, राजद , जदयू, भाजपा, कांग्रेस के ज़िला कार्यालयों तथा डाकघरों में भी झंडोत्तोलन हुआ।

## एसएसबी ने शुरू किया 30 दिवसीय नि:शुल्क ब्यूटीशियन कोर्स



**अररिया।** 56वीं वाहिनी द्वारा सीमा चौकी पथरदेवा के कार्यक्षेत्र चकोड़वा में बेरोजगार सीमावर्ती महिलाओं के लिए 30 दिवसीय नि:शुल्क ब्यूटीशियन कोर्स का शुभारंभ कराया गया। यह कोर्स रामा फाउंडेशन बीरपुर के द्वारा गांव में ही चलाया जाएगा, जिससे कि सीमावर्ती महिलाएं सुविधाजनक तरीके से अपने गांव में ही रहकर कोर्स को संपन्न कर सके। मौके पर उपस्थित समस्त महिला प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए 56वीं वाहिनी के कमांडेंट सुरेन्द्र विक्रम ने कहा कि सेवा, सुरक्षा व बंधुत्व के मूल ध्येय वाक्य के साथ सशस्त्र सीमा बल आप सभी के सेवा और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण को शुभारंभ करने का मूल उद्देश्य है कि आप सभी आत्मनिर्भर बनें और सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करें। मैं यहां उपस्थित समस्त महिला प्रशिक्षुओं को कोर्स के शुभारंभ पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि आप सभी नियमित रूप से कोर्स को पूर्ण करेंगे एवं एसएसबी द्वारा कराए जा रहे इस कौशल विकास प्रशिक्षण को सफल बनाएंगे।

कार्यक्रम में रामा फाउंडेशन बीरपुर की प्रशिक्षिका संगीता देवी द्वारा आगामी 30 दिवसीय ब्यूटीशियन कोर्स के पाठ्यक्रम के बारे में उपस्थित समस्त महिला प्रशिक्षु को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।
कार्यक्रम में उपस्थित पूर्णेन्दु प्रभाकर उप-कमांडेंट, अजय कुमार सहायक कमांडेंट, एवं अन्य बल कार्मिक थे। स्थानीय जनप्रतिनिधि अनिल मेहता, उप मुखिया पथरदेवा, एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने एसएसबी द्वारा संचालित इस कार्यक्रम की काफी सराहना की गई।

## नन्हे-मुन्हे बच्चों ने दिखाया प्रतिभा

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के विभिन्न संस्थानों में झंडोतोलन से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमो की धूम रही।प्रखंड के सलेमपुर गांव में स्थापित ग्रैंड वैली एकेडमी के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान अनेक देशभक्ति के गीतों तथा नारों से स्थल गूंज उठा।




देश के शहीदों को याद कर देश के वीरों के प्रति सम्मान व कृतज्ञता व्यक्त की।कार्यक्रम का शुभारंम्भ स्कूल के चेयरमैन ऋषिकपूर खत्री ने ध्वजारोहण कर किया।नन्हे मुन्हे बच्चों ने मनमोहक गीत संगीत व नृत्य प्रस्तुत किया।देश भक्ति गाने पर नृत्य, सोशल मीडिया शीर्षक पर आधारित लघु नाटक व कराटे के प्रदर्शन किया। दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।इस दौरान जुडो कराटे, भाषण व एक से बढ़कर एक देश भक्ति गीत की प्रस्तुति से घंटों दर्शक जमे रहे।नाटक के माध्यम से बच्चों ने देशभक्ति की भावना जागृत किया।कार्यक्रम की सबसे आकर्षक विशेषता रही कि कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह के साथ अभिनय कर गणतंत्र दिवस के महत्व का संदेश दिया।नाटक के माध्यम बताया कि युवा पीढ़ी में देशप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी मजबूत करती है।विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में देशभक्ति की भावना को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की झलक भी देखने को मिली।निदेशक राजकुमार खत्री,नीरज कुमार ने कहा कि शिक्षा समाज का दर्पण होता है। हमें समाज व स्कूलों से मानसिक व शारीरिक विकास के लिए समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन जरूरी है।आज का दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास होता है।



## मूंगफली तेल सस्ता, अरहर दाल महंगी

एजेंसी

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में मूंगफली तेल सस्ता हो गया जबकि मांग निकलने से अरहर दाल में तेजी रही वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 13 रिंगिट बढ़कर 4501 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.59 सेंट गिरकर 44.63 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में मूंगफली तेल में 366 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी :मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 200 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

अनाजः अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

## रुपया 11 पैसे लुढ़का

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर पड़ने के बावजूद स्थानीय स्तर पर शेयर बाजार में भारी गिरावट के साथ ही आयातकों एवं बैंकरों की डॉलर मांग बढ़ने के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 11 पैसे लुढ़ककर 86.33 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 86.22 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया 15 पैसे की गिरावट लेकर 86.37 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान लिवाली होने से 86.45 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक गिर गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 86.25 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 86.22 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में 11 पैसे लुढ़ककर 86.33 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

## मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ टेलीकॉम सर्किल में जियो की मजबूत पकड़

भोपाल,रायपुर। जियो मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ टेलीकॉम बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। टेलीकॉम रेगुलेट्री अथॉरिटी ऑफ इंडिया ( ट्राई ) की ताजा रिपोर्ट में एक बार फिर से जियो के साथ सबसे ज्यादा ग्राहक जुड़े है। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में सभी टेलीकॉम कंपनियों के 7.9 करोड़ से ज्यादा मोबाइल ग्राहक है। इन आंकड़ों में जियो के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 4.3 करोड़ से अधिक हो चुकी है। नवंबर 2024 में जियो के साथ 2.9 लाख नए ग्राहक जुड़े है। वहीं, दोनों प्रदेश में वायरलाइन ब्राडबैंड इंटरनेट उपयोग करने वाले ग्राहकों की संख्या 20 लाख से अधिक है। इसमें जियो फाइबर/ एयर फाइबर इंटरनेट उपयोग करने वाले उपभोक्ता 11.3 लाख से ज्यादा है। जियो का मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ मोबाइल उपभोक्ता में मार्केट शेयर 55.0 फिसदी से अधिक है। तो वहीं, ब्राडबैंड इंटरनेट सेवा प्रदाता में जियो फाइबर का मार्केट शेयर 54.3 प्रतिशत से ज्यादा है। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में जियो की ट्रू 5जी सर्विस दोनों प्रदेश के सभी जिलों में मौजूद है। जियो के सर्किल में 10,500 से अधिक मोबाइल टावर है, जो कि दूसरे टेलीकॉम ऑपरेटर्स से दो गुना से भी ज्यादा है।

## एलीट एलीवेटर्स ने पेश कीं नई एक्स300 और एक्स300 प्लस होम लिफ्ट्स

गुरुग्राम। प्रीमियम होम लिफ्ट सेगमेंट की कंपनी एलीट एलीवेटर्स ने अपने अत्याधुनिक एक्स300 और एक्स300 प्लस होम लिफ्ट्स लॉन्च की हैं। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ये नए प्रोडक्ट लक्ज़री, उन्नत तकनीक और सस्टेनेबिलिटी का अनोखा संयोजन हैं, जो आधुनिक होम मोबिलिटी को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। कंपनी का लक्ष्य वर्ष 2025 तक अमेरिका और कनाडा जैसे नए बाजारों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना है। यह कदम न सिर्फ होम लिफ्ट अनुभव को नया आयाम देगा, बल्कि कंपनी को अपनी विकास यात्रा में नई ऊँचाइयों पर भी ले जाएगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ विमल बाबू ने कहा, वर्ष 2030 तक भारतीय होम लिफ्ट बाजार के 8 से 9 प्रतिशत वार्षिक बढ़ने का अनुमान है। हम इस अवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए तैयार हैं। वर्ष 2025 में हमारा लक्ष्य नई प्रोडक्ट रेंज की उत्पादन क्षमता को सालाना 3,000 यूनिट तक बढ़ाना है। एलीट एक्स300 और एक्स300 प्लस दुनिया के सबसे स्मार्ट होम एलीवेटर्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। ये एलीवेटर्स न सिर्फ नवीनतम और टिकाऊ हैं, बल्कि शानदार सुविधाओं से लैस भी हैं, जो दुनियाभर के तमाम होम ऑनर्स के लिए सुलभ हैं। उन्होंने कहा कि एलीट एक्स300 ने होम लिफ्ट इंडस्ट्री में नए मानक स्थापित किए हैं। इसकी डायनेमिक मोटर 1 मीटर प्रति सेकंड तक की तेज़ रफ्तार प्रदान करती है, जो पारंपरिक होम लिफ्ट्स की तुलना में दोगुनी है। इसका गियरलेस बेल्ट ड्राइव सिस्टम बेहद शांत और स्मूद राइड का अनुभव प्रदान करता है। इसके मल्टी-मोड परफॉर्मेंस सिस्टम के माध्यम से उपयोगकर्ता स्पोर्ट्स, कम्फर्ट, इको या पर्सनलाइज़्ड मोड चुन सकते हैं, जिससे उन्हें उनकी सुविधा के अनुसार अनुभव मिलता है। यह लिफ्ट बड़े कैबिन्स, मैग्नेटिक-ड्रिवन रेल्स और ग्रीसलेस कंपोनेंट्स से लैस है, जो उच्च प्रदर्शन के साथ कम मेंटेनेंस की सुविधा देती है।

# खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट बिजली उत्पादन करने को तैयार

एजेंसी

नई दिल्ली। खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट (केएसटीपीपी) की पहली इकाई 25 जनवरी की मध्यरात्रि से बिजली उत्पादन करने को तैयार है। सार्वजनिक क्षेत्र के लघु रत्न उद्यम टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने 1320 मेगावाट के इस पावर प्लांट के वाणिज्यिक संचालन की घोषणा करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस संयंत्र से उत्तर प्रदेश (64.7फीसदी), राजस्थान (21.3त्र), उत्तराखंड (3.9फीसदी) और गैर-आवंटित क्षेत्रों (10.1फीसदी) को पक्के तौर पर बिजली की आपूर्ति शुरू की जाएगी। टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक आरके विश्नोई ने बताया कि केएसटीपीपी की 2×660 मेगावाट (1320 मेगावाट) की पहली इकाई



वाणिज्यिक संचालन के लिए 25 जनवरी की मध्यरात्रि से तैयार है। उन्होंने कहा कि टीएचडीसीआईएल का मुख्य व्यवसाय जलविद्युत का दोहन रहा है। ऐसे में यह ऐतिहासिक उपलब्धि कंपनी की क्षमताओं का एक महत्वपूर्ण प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि इस इकाई के सफलतापूर्वक चालू होने के साथ ही टीएचडीसीआईएल राष्ट्र के विकास को गति देने तथा इसके सतत ऊर्जा भविष्य में योगदान देने में और भी अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इस परियोजना की आधारशिला प्रधानमंत्री ने रखी थी। वर्तमान में ग्रिड के साथ समन्वय, पूर्ण लोड परीक्षण (660 मेगावाट) और पूर्ण लोड पर 72 घंटे के लिए ट्रायल पहले ही पूरा हो चुका है। वाणिज्यिक संचालन की तिथि की घोषणा (सीओडी) इसका एक अहम पड़ाव है। यह आधिकारिक तौर पर उस बिंदु को चिह्नित करता है, जब संयंत्र को व्यावसायिक रूप से चालू और ग्रिड को बिजली पैदा करने और आपूर्ति करने में सक्षम माना जाता है। इसके अनिवार्य रूप से वाणिज्यिक संचालन दर्शाता है कि यह संयंत्र सभी आवश्यक परीक्षणों और जांच में खरा उतरा है और विद्युत प्रणाली में योगदान करने के लिए तैयार है।

## भारत-ओमान के व्यापार मंत्रियों ने एफटीए वार्ता को आगे बढ़ाने पर चर्चा की

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और ओमान के व्यापार मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति की समीक्षा की और इस समझौते के लिए बातचीत को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। केंदीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ओमान के वाणिज्य, उद्योग एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री कैस बिन मोहम्मद अल यूसुफ के बीच मस्कट में इस समझौते पर चर्चा हुई। गोयल ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा ओमान के वाणिज्य, उद्योग और निवेश संवर्धन मंत्री महामहिम कैस बिन मोहम्मद अल यूसुफ के साथ एक आकर्षक और उत्कृष्ट बैठक के साथ अपनी ओमान यात्रा की शुरुआत की। गोयल ने कहा कि हमारी बातचीत व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत को आगे बढ़ाने, व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने और हमारी द्विपक्षीय साझेदारी को



और गहरा करने के लिए रास्ते तलाशने पर केंद्रित थी। उन्होंने आगे लिखा है कि कल एक उत्पादक संयुक्त आयोग की बैठक की प्रतीक्षा है। उलेखनीय है कि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल संयुक्त आयोग की बैठक के लिए दो दिवसीय दौरे पर ओमान के मस्कट में हैं, जो 28 जनवरी को होगी।

## जयंत चौधरी ने 100 उद्यमियों को सम्मानित किया, कुशल कार्यबल की मांग पर प्रकाश डाला

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने 76वें गणतंत्र दिवस पर 100 उद्यमियों को सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने कुशल कार्यबल की वैश्विक मांग पर प्रकाश भी डाला। भारत सरकार की ओर से आमंत्रित इन उद्यमियों को गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने दावोस में विश्व आर्थिक मंच-डब्ल्यूईएफ2025 की वार्षिक बैठक में वैश्विक व्यापार जगत के दिग्गजों के साथ हुई बातचीत के बारे में जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि भारत के कुशल कार्यबल को वैश्विक स्तर पर अपार मान्यता मिल रही है, साथ ही हमारी प्रतिभाओं की व्यापक रूप से सराहना की जा रही है।

चौधरी ने कहा कि वैश्विक कौशल राजधानी के रूप में हमारा उत्थान उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा




कि सतत विकास के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों और महिलाओं के नेतृत्व में विकास पर ध्यान केंद्रित करने के मुद्दे दावोस में हुई चर्चा के केंद्र में रहे।

चौधरी ने कुशल प्रतिभाओं के स्रोत के रूप में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए उपस्थित उद्यमियों की सराहना की। उन्होंने कहा, इस राष्ट्रीय समारोह में 100 उद्यमियों की भागीदारी कौशल के क्षेत्र में हमारी पहलों के प्रभाव को रेखांकित करती है। इन कार्यक्रमों ने देश भर में लोगों को सशक्त बनाया है, दीर्घकालिक आजीविका का सृजन किया है और दूसरों को उद्यमशीलता की यात्रा के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर सहित विभिन्न क्षेत्रों के इन उद्यमियों की कड़े परिश्रम पर भी प्रकाश डाला।

## केंद्र ने भारतीय मानक समय को समकालिक करने के लिए मसौदा नियमों को अधिसूचित किया

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पूरे भारत में समय को एक समान करने के लिए भारतीय मानक समय (आईएसटी) नियम, 2025 का मसौदा अधिसूचित किया है। इन नियमों का लक्ष्य देश में 'एक राष्ट्र, एक समय' के जरिये देशव्यापी आईएसटी में एकरूपता लाना है। इन नियमों को लागू करके भारत सरकार देशभर में सटीक और एकसमान समयपालन सुनिश्चित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रही है, जिससे तकनीकी उन्नति, आर्थिक दक्षता और रणनीतिक सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा।

उपभोक्ता मामले के विभाग ने 'एक राष्ट्र, एक समय' के लक्ष्य को हासिल करने और भारतीय मानक समय (आईएसटी) में सटीकता लाने के लिए राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (एनपीएल) और भारत अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ मिलकर मिलीसेकंड से माइक्रोसेकंड की शुद्धता के साथ आईएसटी को प्रसारित करने के लिए एक परियोजना की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य पूरे देश में पांच विधिक मापविज्ञान प्रयोगशालाओं से शामिल हैं। मसौदा विधिक माप विज्ञान (भारतीय मानक समय) नियम 15 जनवरी को सार्वजनिक

उपभोक्ता मामले विभाग
DEPARTMENT OF
CONSUMER AFFAIRS
सत्यमेव जयते

आईएसटी के प्रसार के लिए प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है।

उपभोक्ता मामले के विभाग के सचिव की अध्यक्षता में गठित इस समिति में एनपीएल, इसरो, आईआईटी कानपुर, एनआईसी, सीईआरटी-इन, सेबी और रेलवे, दूरसंचार और वित्तीय सेवाओं जैसे प्रमुख सरकारी विभागों के प्रतिनिधि परामर्श के लिए विभाग की वेबसाइट पर प्रकाशित किए गए हैं। इन नियमों से संबंधित टिप्पणियां 14 फरवरी तक प्रस्तुत की जा सकती हैं। मसौदा नियमों के लिए वेबसाइट लिंक इस प्रकार है https://consumeraffairs.nic.in/sites/default/files/file-uploads/ latestnews/Draft%w®Rules%w®Time%w®Dissemination.pdf.

## केनरा बैंक को तीसरी तिमाही में 4,104 करोड़ रुपये का मुनाफा

एजेंसी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 दिसंबर को समाप्त अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बैंक का एकल शुद्ध लाभ 12.25 फीसदी बढ़कर 4,104 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में बैंक का मुनाफा 3,656 करोड़ रुपये रहा था।

केनरा बैंक ने शेयर बाजार को चालू वित्त वर्ष 2024-25 की (अक्टूबर-दिसंबर) तीसरी तिमाही में मुनाफा 12.25 फीसदी बढ़कर 4,104 करोड़ रुपये होने की जानकारी दी है। बैंक के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में बैंक का मुनाफा 3,656 करोड़ रुपये रहा था। इस दौरान उसकी कुल आय 11.7 फीसदी बढ़कर 36,114 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 32,334 करोड़ रुपये थी। बैंक के मुताबिक केनरा बैंक की 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही तक सकल




गैर-निष्पादित आस्ति (जीएनपीए) अनुपात 3.34 फीसदी रहा, जो 31 दिसंबर, 2023 तक 4.39 फीसदी था। इसके अलावा बैंक का शुद्ध गैर-निष्पादित आस्ति (एनएनपीए) अनुपात दिसंबर, 2024 तक 0.89 फीसदी रहा है, जो दिसंबर, 2023 तक 1.32 फीसदी रहा था।

## महंगाई से उपभोक्ता खर्च प्रभावित, खुदरा क्षेत्र कारोबार में पांच फीसदी की बढ़ोतरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। आसमान छूती महंगाई से उपभोक्ताओं के खर्च करने की शक्ति प्रभावित होने के दबाव में बीते वर्ष दिसंबर में खुदरा क्षेत्र के कारोबार में पांच प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी हुई।

खुदरा कारोबारियों के संगठन रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) की जारी 57वें खुदरा व्यापार सर्वेक्षण में कहा गया है कि दिसंबर 2024 (02 दिसंबर से 29 दिसंबर) के दौरान खुदरा क्षेत्र ने पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो पिछली साल की त्योहारी अवधि (04 दिसंबर 2023 से 31 दिसंबर 2023) की तुलना में मामूली है। सर्वेक्षण ने खुदरा क्षेत्र के प्रमुख रुझानों को उजागर करते हुए क्षेत्रीय और श्रेणीगत प्रदर्शन की जानकारी दी।

आरएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुमार राजगोपालन ने




कहा,'दिसंबर में पांच वृद्धि दर्ज हुई, लेकिन मुद्रास्फीति और ईएमआई जैसी वित्तीय बाधाओं ने विवेकाधीन खर्च को प्रभावित किया। शादी के मौसम ने परिधान और आभूषण जैसे क्षेत्रों में थोड़ी बढ़त दी लेकिन समग्र उपभोग सीमित रहा।

श्री राजगोपालन ने बताया कि क्विक सर्विस रेस्टोरेंट (क्यूएसआर) क्षेत्र ने रिकवरी के संकेत दिए हैं, जिससे इस क्षेत्र में उम्मीद जगी है। केंद्रीय बजट के मद्देनजर खुदरा उद्योग ऐसे उपायों की उम्मीद कर रहा है, जो मुद्रास्फीति से निपटने और उपभोक्ता विश्वास बढ़ाने में सहायक होंगे।सर्वेक्षण के अनुसार, खुदरा क्षेत्र के कारोबाार में दक्षिण भारत ने छह प्रतिशत की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की जबकि पश्चिम और उत्तर भारत में पांच प्रतिशत और पूर्वी भारत में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसी तरह श्रेणीगत प्रदर्शन के आधार पर क्यूएसआर ने 10 प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि जबकि परिधान, खाद्य एवं किराना और खेल के सामान जैसे क्षेत्रों ने सात प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की।

आरएआई के अनुसार, उपभोक्ता खर्च को पुनर्जीवित करने के लिए संरचनात्मक सुधारों और नीतिगत समर्थन की आवश्यकता है।

## बजट में सोने पर आयात शुल्क न बढ़ाया जाए, अन्यथा प्रभावित होगा उद्योगः वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। सोने के वैश्विक बाजार की निगह रखने वाले संगठन वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) ने आगामी बजट में सोने पर आयात शुल्क में किसी प्रकार की बढ़ोतरी न करने की सिफारिश की है और आगाह किया है कि शुल्क बढ़ने का उद्योग तथा अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ ) सचिन जैन ने सोने पर शुल्क में पिछले कमी सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने वाला फैसला बताते हुए कहा, ÷आगामी बजट में आयात शुल्क में किसी भी वृद्धि का प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिससे तस्करी में वृद्धि, घरेलू सोने की कीमतों में वृद्धि और उद्योग को पीछे धकेलना पड़ सकता है।'

उन्होंने एक बयान में कहा, 'स्वर्ण उद्योग भारत के सकल घरेलू

WORLD GOLD COUNCIL

उत्पाद में 1.3 प्रतिशत का योगदान देता है और लगभग 20-30 लाख लोगों को रोजगार देता है। पिछले जुलाई में सोने पर आयात शुल्क कम करने के सरकार के फैसले का स्वर्ण उद्योग पर काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसने अनौपचारिक रास्तों से सोने का आयात कम हुआ है, स्वर्ण आयात के आधिकारिक चैनलों में मजबूती आई है और सोने की घरेलू खरीद को प्रोत्साहित किया है।÷ बयान में कहा गया है कि सोने पर करों में कमी से एक अधिक संगठित और पारदर्शी उद्योग का निर्माण हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप एक मजबूत स्वर्ण बाजार बना है। श्री जैन ने कहा, 'यह जरूरी है कि सरकारी निकायों, उद्योग के खिलाड़ियों और वित्तीय संस्थानों सहित हितधारक इस सकारात्मक गति को बनाए रखने के लिए सहयोग करें। एक तालमेलपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देकर, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि स्वर्ण उद्योग लगातार आगे बढ़ता रहे, नवाचार करता रहे और भारत के आर्थिक विकास और समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे। पिछले दशक की तरह, हम प्रगतिशील, लोगों के अनुकूल और उद्योग सहायक नीति घोषणाओं की उम्मीद कर रहे हैं।÷ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई, 2024 को पूर्ण बजट में सोने और चांदी की बट्टियों पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटा कर छह प्रतिशत कर दिया था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में दिसंबर 2024 में 4.7 अरब डॉलर मूल्य के सोने का आयात किया गया था। भारत सालाना लगभग 800 टन सोने का आयात करता है। बहुत सा सोना आभूषण बना कर पुनर्नियात के काम आता है।

## सेबी प्रमुख बुच का कार्यकाल 28 फरवरी को खत्म होगा, केंद्र ने मांगे नए आवेदन

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरपर्सन पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। वित्त मंत्रालय के तहत आर्थिक मामलों के विभाग ने जारी विज्ञापन में आवेदन देने की अंतिम तारीख 17 फरवरी तय की है। मौजूदा सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच का कार्यकाल 28 फरवरी को समाप्त हो रहा है। मंत्रालय के अनुसार सेबी प्रमुख की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अधिकतम 5 वर्ष की अवधि या नियुक्त व्यक्ति की 65 वर्ष की आयु होने तक (जो भी पहले हो) के लिए की जाएगी। विज्ञापन में कहा गया है कि चेयरपर्सन को भारत सरकार के सचिव के बराबर वेतन मिलेगा, जो 5,62,500 रुपये प्रति महीना (मकान व कार के बिना) है। आर्थिक मामलों के विभाग ने सेबी के अध्यक्ष पद के लिए कई अखबारों में विज्ञापन छपवाए हैं। पूंजी बाजार नियामक सेबी की मौजूदा चेयरपर्सन सेबी की पहली महिला चेयरपर्सन के साथ-साथ निजी क्षेत्र से आने वाली पहली और सबसे कम उम्र की रही



माधवी पुरी बुच का तीन साल का कार्यकाल 28 फरवरी को पूरा हो रहा है। बुच ने 2 मार्च, 2022 को सेबी प्रमुख का पदभार संभाला था। बुच हैं। इससे पहले वह अप्रैल, 2017 से अक्टूबर, 2021 तक सेबी की पूर्ण-कालिक सदस्य के तौर पर कार्यरत थीं।

## इमामी लिमिटेड का शुद्ध मुनाफा आठ प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। प्रमुख एफएमसीजी कंपनी इमामी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 279 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा आठ प्रतिशत बढ़कर 279 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आलोच्य अवधि में उसका राजस्व पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 1049 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बताया कि निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024 के लिए 400 प्रतिशत के दूसरे अंतरिम लाभांश की घोषणा की है, जो चार रुपये प्रति शेयर के बराबर है। इससे पहले, दूसरी तिमाही में भी 400 प्रतिशत का पहला अंतरिम लाभांश (चार रुपये प्रति शेयर) घोषित किया गया था। इस घोषणा के साथ वित्त वर्ष 2024 में अब तक कुल लाभांश भुगतान 800 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो आठ रुपये प्रति शेयर के बराबर है। यह कंपनी की एक मजबूत और निरंतर लाभांश भुगतान नीति के प्रति प्रतिबद्धता और अपने शेयरधारकों को उच्च रिटर्न प्रदान करने की दिशा में उसकी प्राथमिकता को दर्शाता है। इमामी लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हर्ष वी. अग्रवाल ने कहा, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के दौरान हमारे मुख्य घरेलू व्यवसाय में नौ प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हुई, जो वॉल्यूम में छह प्रतिशत की स्वस्थ वृद्धि से प्रेरित है।

# लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 824 अंक लुढ़का

एजेंसी

मुंबई/नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुख के बीच हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 824.29 यानी 1.08 फीसदी की गिरावट के साथ 75,366.17 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 263.05 अंक यानी 1.14 फीसदी की फिसलकर 22,829.15 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और पेट्रोलियम एवं गैस शेयरों में भारी बिकवाली के बीच प्रमुख शेयर सूचकांक बीएसई का सेंसेक्स टूटकर सात महीने के निचले स्तर पर आ गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में गिरावट रहा है जबकि 7 शेयरों में बढ़त देखने को मिली। दिन के कारोबार में सेंसेक्स 75,925.72 के ऊपरी और 75,267.59 के निचले स्तर के बीच घूमता रहा। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक में सबसे ज्यादा 4.49 फीसदी की गिरावट आई। इसके अलावा जोमैटो, टेक महिंद्रा, पावरग्रिड, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल के शेयरों में भी उल्लेखनीय गिरावट आई। 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी छह जून, 2024 के बाद



पहली बार 23 हजार अंक के स्तर से नीचे आ गया है। आज कारोबार के दौरान आईटी, दूरसंचार, उपयोगिता, बिजली, टिकाऊ उपभोक्ता टिकाऊ सामान, तेल और गैस तथा स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट आई है। दरअसल, अमेरिकी व्यापार नीति को लेकर अनिश्चितता के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। हालांकि, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एमएंडएम, एसबीआई और एलएंडटी के शेयर लाभ में रहे।

उल्लेखनीय है कि इससे पिछले हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन 24 जनवरी को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ था। सेंसेक्स 329 अंकों की गिरावट के साथ 76,190 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 113 अंक फिसलकर 23,092 के स्तर पर बंद हुआ था।

## राष्ट्रीय खेलः बाक्सिंग प्रतियोगिता के लिए तैयारी पूरी

एजेंसी

**नैनीताल/पिथौरागढ़।** अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में होने वाली बाक्सिंग प्रतियोगिता के लिए सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। यह बात पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने पत्रकारों से कही। उन्होंने इवेंटमेंट कंपनी के सदस्यों के साथ लेलू स्टेडियम का निरीक्षण भी किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मंगलवार को प्रदेश में 38वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ हो जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इसका शुभारंभ किया जाएगा। जनपद स्तर पर भी उत्साह पूर्वक दीप उत्सव मनाया जाएगा, जिसका प्रसारण विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाक्सिंग प्रतियोगिता के लिए विभिन्न प्रांतों से खिलाड़ी आने प्रारंभ हो गये हैं। मध्य प्रदेश के खिलाड़ी पिथौरागढ़ पहुंच चुके हैं। उन्होंने आम जनमानस से पिथौरागढ़ में होने वाले बाक्सिंग प्रतियोगिता का हिस्सा बनने की अपील की।

## आशी किरण, रिदित टंडन, अयान भारती व शिखर वर्मा फाइनल में

**लखनऊ।** आशी किरण ने चंद्र प्रकाश अग्रवाल मेमोरियल यूपी राज्य रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाते हुए सेमीफाइनल में जीत से बालिका अंडर-16 की खिताबी होड़ में जगह बना ली। इसी के साथ बालक अंडर-12 में रिदित टंडन एवं बालक अंडर-16 में अयान भारती और शिखर वर्मा ने फाइनल में स्थान सुरक्षित किया।



उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा एसडीएस लामार्टिनियर टेनिस फैसिलिटी पर आयोजित इस टूर्नामेंट में बालिका अंडर-16 के सेमीफाइनल में आशी किरण ने ताशी किरण को 6-2, 6-2 से हराया। बालक अंडर-16 सेमीफाइनल में अयान भारती ने समर्थ भटनागर को 6-4 से व शिखर वर्मा ने शौर्य सिंह को 6-0 से हराया। बालक अंडर-12 के सेमीफाइनल में रिदित टंडन ने प्रवीर तिलक को 7-6(7-5) से शिकस्त दी।

## न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर इंग्लैंड सेमीफाइनल में

**कुचिंग।** टिली कॉर्टीन-कोलमैन (चार विकेट), प्रिशा थानावाला (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद जेमिमा स्पेंस (29) और डेविना पेरिन (21) रनों की पारियों के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने अंडर-19 टी-20 विश्वकप में ग्रुप दो के सुपर सिक्स मुकाबले में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हरा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इंग्लैंड टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम है। न्यूजीलैंड के 89 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने 34 के स्कोर पर अपने पहले विकेट डेविना पेरिन का विकेट गवां दिया। डेविना पेरिन ने 15 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (21) रनों की पारी खेली उसके बाद ट्रुडी जॉनसन (सात) और कप्तान अबी नॉरग्रोव (दो) रन के विकेट जल्द ही गिरने से इंग्लैंड की टीम संकट में आ गयी थी। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी चार्लोट स्टब्स ने जेमिमा स्पेंस के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। नौवें ओवर में जेमिमा स्पेंस ने 18 गेंदों में पांच चौके की मदद से (29) रन बनाकर आउट हुई। इंग्लैंड ने 11.4 ओवर में चार विकेट पर 90 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। चार्लोट स्टब्स ने (17) और केटी जोन्स (दो) रन बनाकर नाबाद रही।

## चीनी मूल की जेन्स असिंडे युगांडा की महिला बास्केटबॉल टीम में शामिल

**कंपाला।** चीनी मूल की बास्केटबॉल खिलाड़ी जेन्स असिंडे को 2025 एफआईबीए महिला एफ्रोबास्केट जोन 5 क्वालीफायर के लिए युगांडा की राष्ट्रीय महिला बास्केटबॉल टीम गेज़ेल्स में शामिल किया गया है। असिंडे, जो पिछले अक्टूबर में चीन के हेनान फीनिक्स टीम का हिस्सा बनी थीं, मिस्र के गीज़ा में 3 से 8 फरवरी के बीच आयोजित होने वाले क्वालीफायर में खेलेंगी। यह टूर्नामेंट महाद्वीपीय शोपीस में एकमात्र बर्थ के लिए मिस्र, केन्या, दक्षिण सूडान, तंजानिया और बुरुंडी के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा। युगांडा के नए कोच निकोलस नटुहेरेज़ा ने असिंडे के अनुभव को टीम के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, असिंडे जैसी अनुभवी खिलाड़ी का टीम में होना हमारे लिए बहुत फायदेमंद है। वह टीम की सफलता में अहम भूमिका निभा सकती हैं। 2025 महिला एफ्रोबास्केट का 29वां संस्करण अबिदजान, कोट डी आइवर में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट की शीर्ष चार टीमें 2026 एफआईबीए महिला बास्केटबॉल विश्व कप क्वालीफायर में जगह बनाएंगी। असिंडे के शामिल होने से युगांडा टीम की संभावनाएं मजबूत मानी जा रही हैं, क्योंकि उनका अंतरराष्ट्रीय अनुभव टीम को अतिरिक्त बढ़त प्रदान कर सकता है।

# क्रिकेट प्रतियोगिता : मेजबानी को तैयार उदयपुर, सबसे पहले पहुंची महाराष्ट्र की टीम

एजेंसी

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) द्वारा आगामी 29 जनवरी से आयोजित होने वाली विद्यालयी 19 वर्ष छात्रा की 68वीं राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। शहर के एमजीजीएस सुन्दरवास, उदयपुर की मेजबानी में 29 जनवरी से तीन फरवरी तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए देश भर से टीमों के उदयपुर पहुंचने का क्रम शुरू हो गया है। दोपहर में सबसे पहले महाराष्ट्र राज्य की टीम रेल मार्ग से उदयपुर पहुंची। तेलंगाना एवं उत्तर प्रदेश की टीम भी रात्रि को रेल मार्ग से उदयपुर पहुंच गई।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.लोकेश भारती ने बताया कि मंगलवार को अलसुबह से लेकर रात्रि तक दिन भर टीमों के आने का क्रम जारी रहेगा। रेलवे स्टेशन एवं



बस स्टैंड पर परिवहन समिति के सदस्यों को तैनात कर दिया गया है जहां से वह टीमों को बस द्वारा उनके आवास स्थल तक पहुंचाएंगे। आवास पर कोई परेशानी ना हो इसके लिए सभी स्थान पर आवास समिति के सदस्यों को नियुक्त कर दिया गया है, जिसमें महिला कार्मिकों को ही टीमों के कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी।श्री भारती ने प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए गठित की गई विभिन्न समितियो को अपने-अपने व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी समितियां आपस में समन्वय करते हुए अपनी अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उदयपुर हमेशा किसी भी आयोजन को सर्वश्रेष्ठ तरीके से करता आया है वही छवि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी देखनी चाहिए।

अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुरलीधर चौबीसा ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू एण्ड कश्मीर, उत्तराखंड, हरियाणा, आंध्रप्रदेश, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, केरला, पंजाब, झारखंड, गुजरात, बिहार, सीबीसीई डब्ल्यूएफ, आईपीएससी, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, सीआईएससीई, एवं राजस्थान सहित देश की 22 टीमें भाग रही हैं।

## 38वें राष्ट्रीय खेलः महाराष्ट्र ने ट्रायथलॉन मिश्रित रिले में जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी

**हल्द्वानी ।** 38वें राष्ट्रीय खेल में ट्रायथलॉन मिश्रित रिले के रोमांचक मुकाबले में महाराष्ट्र की टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। आज यहां मानसखंड तरणताल, गोलापार में हुई स्पर्धा में महाराष्ट्र की टीम में पार्थ सचिन मिराजे, डॉली देविदास पाटिल, कौशिक विनय मलंदकर और मानसी विनोद मोहिते ने 02:12:06 का समय लेकर, शानदार तालमेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीता

मध्य प्रदेश की कुर चहर, दुर्विशा पवार, रोशन गोंड और आध्या सिंह की टीम ने भी कड़ी चुनौती दी और 02÷12÷41 का समय लेते हुए दूसरे स्थान पर रहते हुए रजत पदक अपने नाम किया। तमिलनाडु की टीम ने 02÷14÷08 के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। उनकी टीम में आकाश पेरूमलसामी, कीर्ति एस, साई लोहिताक्ष के.डी और आरती एस ने भाग लिया। महाराष्ट्र की टीम ने अपनी जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, ÷यह पहली बार है जब हमने गरम पानी में तैराकी की, जो हमारे लिए काफी अलग अनुभव था। यथलॉन स्पर्धा आमतौर पर समुद्र, पूल, या खुले पानी



में होते हैं, इसलिए यह हमारे लिए एक नया और यादगार अनुभव था। स्पर्धा के दौरान दबाव को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में मानसी विनोद मोहिते ने कहा, हम नियमित अभ्यास पर भरोसा करते हैं और हमारे कोच का अटूट समर्थन हमेशा हमारे साथ रहता है। इससे पहले इंडिविजुअल ट्रायथलॉन में महाराष्ट्र के पार्थ सचिन मिराजे, डॉली देवीदास पाटिल और मानसी विनोद मोहिते ने स्वर्ण और रजत जीते थे। साथ ही मध्य प्रदेश की आध्या सिंह ने भी कांस्य जीता।

## तरूण संघा पर गढ़वाल की धमाकेदार जीत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** डीएसए प्रीमियर लीग के एकतरफा मुकाबले में नेहरू स्टेडियम में गत विजेता गढ़वाल हीरोज फुटबाल क्लब ने तरुण संघा को 4 -1 से हरा कर ना सिर्फ शानदार जीत दर्ज की, फार्म वापसी का संकेत भी दिया। वहीं दिन के पहले मुकाबले में वाटिका एफसी ने दिल्ली एफसी को 2-2 की बराबरी पर रोक दिया।

गढ़वाल की जीत में प्लेयर ऑफ द मैच पियूष भंडारी, ममता मॉडर्न स्कूल के 17 वर्षीय आदित्य अधिकारी, इशानबोक और मालेम ने गोल जमाए। पराजित टीम का इकलौता गोल ओलेन सिँह के नाम रहा। दिल्ली एफसी के गोल बितान सिँह और सेमसन ने किए, जबकि होकिप और बलराज ने दूसरे हाफ में हिसाब चुकता किया। गढ़वाल और तरुण संघा का मैच तेज रफ्तार से खेला गया लेकिन गत लीग विजेता गढ़वाल ने जल्दी ही खेल पर पकड़ बना ली और पहले हाफ में दो खूबसूरत गोल जमा कर अपने इरादे ज़ाहिर कर दिए। भंडारी, अधिकारी, इशानबोक,कप्तान मिलिंद नेगी और



मालेम थॉंदाम के आक्रमक खेल के चलते प्रतिद्वंद्वी टीम ने जल्दी ही हथियार डाल दिए। गोल अंतर दुगुना हो सकता था लेकिन गढ़वाल की अग्रिम पंक्ति ने छह से अधिक आसान मौके गँवाए। नेशनल यूनाइटेड क्लब के विरुद्ध महत्वपूर्ण अंक गँवाने के बाद गढ़वाल ने बड़ी जीत पाई है।

दिल्ली एफसी पहले 25 मिनट में 2-0 की बढ़त लेने में कामयाब रही। बितान और सेमसन के गोलों से बढ़त लेने के बाद उसके प्रदर्शन में गिरावट आई, जिसका फायदा उठा कर वाटिका ने होकिप और बलराज के गोलों से वापसी की लेकिन दो खिलाडियों को लाल कार्ड देखने का परिणाम यह रहा कि दिल्ली एफसी का पलड़ा हल्का पड़ गया और वाटिका दोनों गोल उतारने में सफल रही।

## विदेशी खिलाड़ियों को भुगतान न करने पर बीसीबी करेगा दरबार राजशाही के खिलाफ कानूनी कार्रवाई

एजेंसी

**ढाका ।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) विदेशी खिलाड़ियों को निर्धारित समय सीमा में भुगतान न करने के मामले में बंगलादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) की फ्रेंचाइजी दरबार राजशाही के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा। इफ्तिखार ने मीडिया से बातचीत से कहा, अब हमें किसी भी तरह कानूनी कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने कहा भुगतान करना होगा नहीं तो बीपीएल की साख खराब हो जाएगी। चेक बाउंस और अनुबंध के उल्लंघन जैसे मुद्दों पर हम मामले दर्ज करेंगे। बोर्ड ने उन्हें कई अवसर दिए, लेकिन उन्होंने आज तक कोई कदम नहीं उठाया, लेकिन अब हम उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। बिना विदेशी खिलाड़ियों के खेले गये मैच के बाद तास्किन अहमद ने हालांकि इस बात की पुष्टि की है कि राजशाही ने स्थानीय खिलाड़ियों को कुछ भुगतान किया। उन्होंने कहा कि आज हमें चेक दिये गये। हम इसे आज ही जमा करेंगे। उम्मीद है कि यह क्लीयर हो जाए। अगर यह चेक इस विकेट की तरह




बाउंस हुआ, तो हम मुश्किल में पड़ जाएंगे। हर कोई बीपीएल में शांत माहौल में खेलना चाहता है। लेकिन जब ऐसी चीजे होती हैं, तो हमें निराशा होती है। इस सीजन बीपीएल बेहद लोकप्रिय है, लेकिन हमारी टीम को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है फ्रेंचाइजी द्वारा भुगतान न किये जाने पर राजशाही के विदेशी खिलाड़ियों ने रंगपुर राइडर्स के खिलाफ खेलने से इंकार कर दिया था। जिसके बाद बीपीएल गवर्निंग काउंसिल की अनुमति से बिना विदेशी खिलाड़ी के मैच खेला गया। बीपीएल के नियमों के अनुसार हर टीम को अपने प्लेइंग इलेवन में कम से कम दो और अधिकतम चार विदेशी खिलाड़ियों को शामिल करना होता है।

# स्मृति मंधाना को आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर का खिताब

एजेंसी

**दुबई।** भारतीय टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को वर्ष 2024 में शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी महिला एकदिवसीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर के खिताब से नवाजा गया है। बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज ने 2024 में एकदिवसीय मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया और कई शतकीय पारियां खेलते हुए बड़ा स्कोर कर टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और मुश्किल सीरीज में ढ़ेरो रन बनाये। मंधाना ने करियर में चौथी बार आईसीसी पुरस्कार जीता है। इससे पहले वह 2018 और 2021 में महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर, जबकि 2018 में ही महिला एकदिवसीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था। जून में दक्षिण अफ्रीका




के खिलाफ 3-0 की सीरीज जीत में मंधाना का महत्वपूर्ण योगदान रहा इस दौरान उन्होंने लगातार दो शतक लगाकर। इसके बाद अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के निर्णायक मैच में एक बेहतरीन शतक लगाया। मंधाना ने दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में एक चुनौतीपूर्ण शतक लगाया और ऑस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पड़ा। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार इस साल महिला एकदिवसीय में मंधाना ने अंतरराष्ट्रीय मैचों की 13 पारियों में 747 रन बनाने के साथ शीर्ष पर रही। लॉरा वोल्वार्ड्ट 697 रन के साथ दूसरे, टैमी ब्यूमोंट 554 रन के साथ तीसरे और हेले मैथ्यूज 469 रन के साथ चौथे स्थान पर रही। मंधाना का इस साल 57.86 औसत रहा और उन्होंने 95.15 की शानदार स्ट्राइक रेट के साथ 747 रन बनाए। उन्होंने इस साल चार एकदिवसीय शतक भी लगाए जोकि महिला क्रिकेट में एक नया रिकॉर्ड है। इस साल उन्होंने 95 चौके और छह छक्के लगाए।

## दिल्ली टीम के साथ कोहली करेंगे अभ्यास



एजेंसी

**मेलबर्न।** खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दिल्ली टीम के साथ अभ्यास करेंगे। कोहली ने 30 जनवरी से दो फरवरी तक अरुण जेटली स्टेडियम में रेलवे के खिलाफ होने वाले आखिरी ग्रुप मैच के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है। वह वर्ष 2012 के बाद से पहली रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। उल्लेखनीय है कि गर्दन की चोट के कारण कोहली पिछले मैच में नहीं खेल पाये थे। पिछले कुछ दिनों में सोशल मीडिया पर कोहली मुंबई स्थित प्रशिक्षण केंद्र में पूर्व भारतीय खिलाड़ी और आरसीबी बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ के साथ देखे गये हैं।कोहली 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले तीन मैचों की द्विपक्षीय सीरीज के लिए एकदिवसीय टीम का हिस्सा हैं।

## शीतकालीन खेलः लद्दाख चार स्वर्ण सहित कुल सात पदक से साथ शीर्ष पर रहा

एजेंसी

**लेह (लद्दाख)।** लद्दाख ने खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 के पहले चरण के आखिरी दिन चार में दो स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। उसके बाद तमिलनाडु (तीन स्वर्ण सहित पांच पदक) का स्थान रहा। महाराष्ट्र ने सबसे अधिक पदक (10) जीते, लेकिन केवल दो स्वर्ण के कारण वह तीसरे स्थान पर रहा। वही तेलंगाना (दो स्वर्ण) चौथे और कर्नाटक (एक स्वर्ण) पांचवें स्थान पर रहे। आज यहां पुरुष आइस हॉकी के फाइनल मुकाबले में भारतीय सेना ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) को 2-1 से हराकर खेलो इंडिया शीतकालीन खेल का अपना खिताब बरकरार रखा। आज यहां खेले गये मुकाबलों में लद्दाख ने चार में से दो स्वर्ण पदक जीते। स्टैनज़िन जम्पल, स्कार्मा त्सुल्टिम, मोहम्मद सकफ रजा और पद्मा एंगमो की मिश्रित रिले चौकड़ी ने 3:02.19 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र (3:03.78




सेकंड) और तेलंगाना (3:04.85 सेकंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

लद्दाख की लड़कियों ने एनडीएस स्टेडियम परिसर में महिला राउंड-रॉबिन लीग में आईटीबीपी को 4-0 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला आइस हॉकी पिछले साल ही शुरू हुई थी और दिलचस्प बात यह है कि लद्दाख फाइनल मैच में आईटीबीपी से 4-0 के स्कोर से हार गया था।लद्दाख ने अपनी पिछली हार का बदला ले लिया। हिमाचल प्रदेश को तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक मिला। फाइनल स्केटिंग इवेंट में, 500 मीटर महिला लॉन्ग ट्रैक (गुपुक्स में), यशश्री ने 00:58:00 समय के साथ तमिलनाडु के लिए का तीसरा स्वर्ण जीता। महाराष्ट्र की रिया विलास गायकवाड़ (1÷04.31 सेकंड) और कर्नाटक की श्रीजा एस राव (1÷04.93 सेकंड) ने सबसे कड़े मुकाबले में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 का दूसरा और अंतिम चरण 22-25 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में आयोजित किया जाएगा।

## 38वें राष्ट्रीय खेलों में 364 शूटर 29 टीमों का करेंगे प्रतिनिधित्व

एजेंसी

**मुल्तान ।** जोमेल वारिकन (पांच विकेट), केविन सिंक्लेयर (तीन विकेट) और गुडाकेश मोती (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन पाकिस्तान को 120 रनों से हरा दिया। इसी जीत के साथ वेस्टइंडीज ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में एक-एक से बराबरी पर समाप्त की। इस टेस्ट सीरीज में कुल 19 विकेट लेने और 85 रन बनाने वाले वेस्टइंडीज के जोमेल वारिकन को 'मैन ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के पुरस्कार से नवाजा गया है। पाकिस्तान ने कल चार विकेट पर 76 रन से आगे खेलना शुरु किया। केविन सिंक्लेयर ने आज सुबह के पहले सत्र की शुरुआत सऊद शकील (13) को आउट कर की। इसके बाद जोमेल वारिकन ने बल्लेबाजी करने आये काशिफ अली (एक) को बोल्ड कर पाकिस्तान को छठा झटका दिया। पाकिस्तान ने अपने छह विकेट गवां दिये थे और उसका स्कोर 76 रन ही था। आगा सलमान और मोहम्मद रिजवान ने पारी संभालने का प्रयास किया। 115 के स्कोर पर वारिकन ने आगा सलमान (15) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद वारिकन ने मोहम्मद रिजवान (25) को बोल्ड कर वेस्टइंडीज को आठवीं सफलता दिलाई। नोमान अली (शून्य) को गुडाकेश मोती ने अपना शिकार बनाया। 44वें ओवर में वारिकन ने साजिद खान (सात) रन को बोल्ड कर 133 के स्कोर पर पाकिस्तान की दूसरी पारी का अंत कर दिया। वेस्टइंडीज की ओर से जोमेल वारिकन ने 16 ओवर में 27 रन देकर पांच विकेट लिये। केविन सिंक्लेयर ने 17 ओवर में 61 रन देकर तीन विकेट झटके।

## विदेशी खिलाड़ियों को भुगतान न करने पर बीसीबी करेगा दरबार राजशाही के खिलाफ कानूनी कार्रवाई

एजेंसी

**ढाका।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) विदेशी खिलाड़ियों को निर्धारित समय सीमा में भुगतान न करने के मामले में बंगलादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) की फ्रेंचाइजी दरबार राजशाही के कानूनी कार्रवाई करेगा। इफ्तिखार ने मीडिया से बातचीत से कहा, अब हमें किसी भी तरह कानूनी कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने कहा भुगतान करना होगा नहीं तो बीपीएल की साख खराब हो जाएगी। चेक बाउंस और अनुबंध के उल्लंघन जैसे मुद्दों पर हम मामले दर्ज करेंगे। बोर्ड ने उन्हें कई अवसर दिए, लेकिन उन्होंने आज तक कोई कदम नहीं उठाया, लेकिन अब हम उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे।बिना विदेशी खिलाड़ियों के खेले गये मैच के बाद तास्किन अहमद ने हालांकि इस बात की पुष्टि की है कि राजशाही ने स्थानीय खिलाड़ियों को कुछ भुगतान किया। उन्होंने कहा कि आज हमें चेक दिये गये। हम इसे आज ही जमा करेंगे।



उम्मीद है कि यह क्लीयर हो जाए। अगर यह चेक इस विकेट की तरह बाउंस हुआ, तो हम मुश्किल में पड़ जाएंगे। हर कोई बीपीएल में शांत माहौल में खेलना चाहता है। लेकिन जब ऐसी चीजे होती हैं, तो हमें निराशा होती है। इस सीजन बीपीएल बेहद लोकप्रिय है, लेकिन हमारी टीम को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है फ्रेंचाइजी द्वारा भुगतान न किये जाने पर राजशाही के विदेशी खिलाड़ियों ने रंगपुर राइडर्स के खिलाफ खेलने से इंकार कर दिया था। जिसके बाद बीपीएल गवर्निंग काउंसिल की अनुमति से बिना विदेशी खिलाड़ी के मैच खेला गया। बीपीएल के नियमों के अनुसार हर टीम को अपने प्लेइंग इलेवन में कम से कम दो और अधिकतम चार विदेशी खिलाड़ियों को शामिल करना होता है।

# राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए बनेगी नई नीतिः मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यहां कहा कि राज्य सरकार जल्द ही राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए नई नीति लाएगी।श्री सुक्खू ने यह बात उत्तराखंड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने जा रहे राज्य के खिलाड़ियों के दल को संबोधित करते हुए कही। राज्य का 200 सदस्यीय दल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होने वाले राष्ट्रीय खेलों में भाग लेगा।मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने खेलों और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। जिला स्तर पर बुनियादी खेल ढांचे का विकास किया जा रहा है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। श्री सुक्खू ने कहा कि ओलंपिक, शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक में स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि तीन करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये कर दी गई है। इसी तरह, रजत पदक विजेताओं को दो करोड़ रुपये के स्थान पर तीन करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं के लिए यह राशि एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर दो करोड़ की गई है। उन्होंने कहा कि एशियाई खेलों और एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि 50 लाख रुपये से बढ़ाकर चार करोड़ रुपये कर दी गई है। रजत पदक विजेताओं को अब 30 लाख रुपये के स्थान पर 2.5 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 20 लाख रुपये के स्थान पर 1.5 करोड़ रुपये मिलेंगे, जबकि राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं को 50 लाख रुपये के स्थान पर तीन करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को 30 लाख रुपये के स्थान पर दो करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 20 लाख रुपये के स्थान पर एक करोड़ रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के कल्याण की प्रतिबद्धता पर बल देते हुए कहा कि उनका भी खेल से जुड़ाव रहा है और खिलाड़ियों की जरूरतों को अनदेखा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इससे पहले अंडर-17 और अंडर-19 खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए 150 रुपये और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए 250 रुपये डाइट मनी मिलती थी। वर्तमान राज्य सरकार द्वारा इस राशि को बढ़ाकर क्रमशः 400 रुपये तथा 500 रुपये किया गया है। इसी प्रकार, अंडर-14 खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए डाइट मनी 120 रुपये से बढ़ाकर 250 रुपये तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए 250 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये कर दी गई है। खेल छात्रावासों में रहने वाले खिलाड़ियों के लिए डाइट मनी भी 150 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये कर दी गई है। इसके अलावा, राज्य से बाहर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अब 200 किलोमीटर तक की दूरी के लिए एसी थ्री-टियर रेल किराया तथा 200 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए इकोनॉमी क्लास हवाई किराया दिया जाएगा। इस अवसर पर उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक हरीश जनारथा तथा बावा हरदीप सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान तथा विभिन्न खेल संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# आदर्श नगर विधानसभा प्रत्याशी मुकेश गोयल की जहांगीरपुरी ए ब्लॉक में पदयात्रा

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने जहांगीरपुरी ए ब्लॉक डीडीए फ्लैटों में पदयात्रा निकाली,आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं ने हिस्सा लिया। पदयात्रा के दौरान मुकेश गोयल ने क्षेत्र की जनता से संवाद करते हुए कहा,जिस तरह से लोग अपने घरों और दुकानों से बाहर आकर हमारा स्वागत कर रहे हैं, प्यार बरसा रहे हैं और हमें आशीर्वाद दे रहे हैं,वह दिल को छू लेने वाला है।

एक बार फिर दिल्ली में आम आदमी पार्टी बहुमत के साथ जीतने जा रही है। आज की पदयात्रा में बड़ी संख्या में युवा और महिलाएं भी शामिल हुए। मुकेश गोयल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा,हमारा मकसद है कि हर युवा को रोजगार मिले, हर परिवार में खुशहाली आए।

पदयात्रा में 'आप' के झंडे हाथों में लिए युवा कार्यकताओं का जोश देखने लायक था। इस दौरान कई युवाओं ने मुकेश गोयल के साथ



सेल्फी भी ली और उनके साथ बातचीत की। अंत में मुकेश गोयल ने जनता को धन्यवाद दिया और कहा कि यह चुनाव सिर्फ एक पार्टी का नहीं, बल्कि हर दिल्लीवासी की उम्मीदों और अधिकारों का चुनाव है।


उन्होंने कहा,यह जीत आपकी होगी,आपके सपनों की होगी। आप फिर से सरकार बनाएगी और दिल्ली को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी।

## रोहिणी कार्यालय में उद्घाटन से पहले हवन व पूजा का हुआ आयोजन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है गुजरात स्थित धोलेरा,जो विश्व की सबसे बड़ी स्मार्ट सिटी बनने जा रही है। इसी धोलेरा स्मार्ट सिटी पर काम कर रही ब्रोघर रियलिटी के दिल्ली कार्यालय का शनिवार को रोहिणी में उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के गुजरात इकाई के प्रमुख भी उपस्थित रहे। कार्यालय के उदघाटन से पहले यहां पर हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हवन यज्ञ भी किया गया।

इस अवसर पर स्थानीय भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता भी मुख्य रूप से उपस्थित हुए. इस अवसर पर ब्रोघर के दिल्ली ऑफिस में पार्टनर हर्ष ज़िन्दगर और संजय गोयल के अलावा ब्रोघर के संस्थापक डा. अक्षय कुमार और रोहिणी फेडरेशन के अध्यक्ष आर्य मुनि उपस्थित रहे। इस कार्यालय का मकसद है दिल्ली के लोगों को सही और सटीक प्रोपर्टी बिना किसी ठगी के उपलब्ध कराया जा सके। आज जिस तरह से लोगों के साथ स्मार्ट सिटी के नाम पर धोखाधड़ी हो रही है तो ऐसे समय में लोगों को रोजाना की धोखाधड़ी से बचाया जा सके। उपस्थित लोगों ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि दिल्ली में कंपनी का ऑफिस होने से अब दिल्ली बैठे धोलेरा में इन्वेस्ट किया जा सकेगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने एनसीसी रैली को किया संबोधित, युवाओं को 'फोर्स फॉर ग्लोबल गुड' के रूप में प्रेरित किया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) रैली में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए एनसीसी दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज हमारे बीच 18 मित्र देशों से आए करीब 150 कैडेट्स मौजूद हैं, मैं इन सभी का भी स्वागत करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि रिपब्लिक डे परेड में चयनित होना अपने आप में एक अचीवमेंट है। इस बार की परेड इसलिए भी खास थी, क्योंकि हमारे गणतंत्र ने 75 साल पूरे किए, ये यादें जीवन भर आपके साथ रहने वाली हैं। भविष्य में आप याद करेंगे कि जब गणतंत्र के 75 साल पूरे हुए थे, तब हमने परेड में हिस्सा लिया था। युवा हृदय में एनसीसी राष्ट्र भक्ति की अलख जगाता है। गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेना युवाओं के लिए गर्व का क्षण है, जो हमें अपने इतिहास से जोड़ता है।

उन्होंने कहा कि 75 वर्षों के गणतंत्र में भारत के संविधान ने हर समय देश को लोकतांत्रिक प्रेरणा दी, नागरिक कर्तव्यों का महत्व समझाया। इसी तरह एनसीसी ने भी हर समय भारत के नौजवानों को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दी और उन्हें अनुशासन का महत्व समझाया। आप 21वीं सदी में भारत के विकास को, दुनिया के विकास को निर्धारित करने वाले हैं।

उन्होंने आगे कहा कि भारत के युवा सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि फोर्स फॉर ग्लोबल गुड हैं। आज दुनिया इस बात को मान रही है। कोई भी व्यक्ति हो या देश, उसका सामर्थ्य तब बढ़ता है, जब वह अनावश्यक बाधाओं से पार पा लेता है। मुझे संतोष है कि भारत में युवाओं के सामने रहीं अनेक बाधाओं को बीते 10 वर्षों में हमने हटाने का काम किया है। इससे युवाओं का सामर्थ्य बढ़ा है, देश का सामर्थ्य बढ़ा है।

'वन नेशन वन इलेक्शन' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर डिबेट चल रही है, लोग अपने-अपने विचार रख रहे हैं। भारत के युवाओं से मैं आग्रह करता हूं कि आप जहां भी हों, इस डिबेट को आगे बढ़ाएं और बड़ी संख्या में इस डिबेट में हिस्सा लें क्योंकि ये आपके भविष्य से जुड़ा विषय है। आजादी के बाद काफी समय तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते थे, लेकिन फिर ये पैटर्न टूट गया। इसका देश को बहुत नुकसान उठाना पड़ा। हर चुनाव में वोटिंग लिस्ट अपडेट होती है, बहुत सारे काम होते हैं और इसमें अक्सर हमारे टीचर्स की ड्यूटी लगती है। जिस कारण से पढ़ाई प्रभावित होती है। बार-बार होने वाले चुनावों की वजह से गवर्नेंस में भी मुश्किलें आती हैं।

# आदर्श नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया को मिल रहा हर वर्ग के समाज का समर्थन

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में ज्यों ज्यों चुनाव नजदीक आ रहे हैं आदर्श विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया का चुनाव प्रचार भी जोरों पर है। आज उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जहाँगीर पुरी के जी ब्लॉक में ध्वजारोहण कर अपने चुनाव प्रचार का शुभारंभ किया। संजय इन्क्लेव फ्लैटों से पद यात्रा में लोगों ने राजकुमार भाटिया का स्वागत किया, साथ ही उन्हें पूर्ण समर्थन देने का भरोसा दिया।

महिंद्रा पार्क में पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक हुई, जिसमें राजकुमार भाटिया को पगड़ी बाँध सम्मानित किया। बता दें कि पिछड़ा समाज के लोगों ने भाटिया को अपना पूर्ण समर्थन दिया। जहाँगीर पुरी के एच ब्लॉक के छतरी वाले पार्क में गुजराती समाज की सभा



हुई, जिसमें बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। गुजराती समाज को गुजरात से आए विधायक अमित ठक्कर ने सम्बोधित करते हुए राजकुमार भाटिया को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

उन्होंने सम्बोधित करते हुए मोदी सरकार की गारंटी की जानकारी भी दी। आगे बताया कि दिल्ली में जितनी भी जनहित की योजनाएं चल रही हैं सबका लाभ मिलता रहेगा, इसके अतिरिक्त भाजपा के संकल्प पत्र की सभी योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा। गुजराती समाज के बनासकाठा जिला के रादन पुर स्टेशन पर ट्रेन रोके जाने की माँग को पूरा किए जाने का आश्वासन दिया। भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया ने गुजराती समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि साफ पेयजल , दुरुस्त सीवेज व्यवस्था , सफाई,बच्चों की पढ़ाई में मदद करने के साथ अधूरे पड़े स्कूल को पूरा कराने को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सभी योजनाएँ जिनसे दिल्ली वंचित रही दिल्ली में सरकार बनते ही सभी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने आजादपुर मंडी में काम करने वालों की समस्याओं का निदान करने व पाँच लाख के बीमे सहित सभी योजनाओं का लाभ दिलवाने का वायदा किया।

डल्ली ३ऻॅल्ल३

# दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 'आप' ने जारी की अरविंद केजरीवाल की 15 गारंटी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली विधानसभा के लिए आम आदमी पार्टी ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है, जिसे आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल की गारंटी बता रही है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का कहना है कि यह वह गारंटी है जिसे अरविंद केजरीवाल और दिल्ली सरकार पूरा करती है।

अपने चुनावी घोषणा पत्र को जारी करते समय अरविंद केजरीवाल ने पिछली सरकार में तीन पूरे नहीं किए गए कामों को भी जनता के सामने स्वीकार किया और कहा कि अगले 5 साल के अंदर इन तीन कामों को जरूर पूरा कर दिया जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि फरवरी 2020 में सरकार बनी थी। उसके बाद 2.5 साल कोरोना रहा। उसके बाद हमारे मंत्रियों को जेल में डाल दिया गया, इसलिए आम आदमी पार्टी की सरकार अपनी तीन गारंटियों, जिनमें चौबीस घंटे पानी का इंतजाम, यमुना को साफ करना और दिल्ली की सड़कों को यूरोपीय सड़क स्टैंडर्ड का बनाया जाना शामिल था, को पूरा नहीं कर पाई। यह तीन गारंटी मैंने 2020 में दी थी। आज मैं सबके सामने कबूल कर रहा हूं कि मैं इन तीन गारंटियों



को पूरी नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में रुके तीनों काम हम पूरे करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने अपने नेताओं की मौजूदगी में दिल्ली की जनता को एक बार फिर अपनी 15 गारंटी गिनवाई हैं, जिनमें स्टूडेंट के लिए अंबेडकर स्कॉलरशिप योजना है। जिसमें दलित समाज का बच्चा अगर किसी भी विदेशी यूनिवर्सिटी में दाखिला लेता है, तो उसका सारा खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी।

इसके बाद स्टूडेंट के लिए अब बसों में यात्रा बिल्कुल फ्री होगी और दिल्ली मेट्रो में 50 प्रतिशत कंसेशन दिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने पुजारी ग्रंथी योजना का ऐलान किया। इसी कड़ी में रोजगार की गारंटी भी होगी। दिल्ली में 2 प्रतिशत बेरोजगारी दर है। दिल्ली में एक भी बेरोजगार ना रहे।

केजरीवाल ने कहा, "दिल्ली के ढाई करोड़ लोग मेरा परिवार हैं। हम लोग पूरा प्लान बना रहे हैं कि किस तरह बच्चों को रोजगार दिया जाएगा। इसके अलावा महिला सम्मान योजना की गारंटी, 18 वर्ष की ऊपर की महिलाओं को हर महीने 2100 दिए जाएंगे।"

अरविंद केजरीवाल की गारंटी में संजीवनी योजना की गारंटी भी है, जिसमें 60 साल से ऊपर के बुजुर्ग का प्राइवेट और सरकारी अस्पताल में फ्री में इलाज होगा।

इसके अलावा पानी के बढ़े हुए बिल की गारंटी, जिसमें पानी के जो बढ़े हुए बिल हैं, जिन लोगों के गलत बिल आए हैं, उन्हें बिल भरने की जरूरत नहीं है। सरकार बनने के बाद सारे बिल माफ होंगे। इसके अलावा अब दिल्ली में रहने वाले किरायेदारों को पानी और फ्री बिजली का फायदा मिलेगा। सीवर ओवरफ्लो को सही करेंगे, 15 दिन में सही करेंगे, लाइन को बदलेंगे।

उन्होंने कहा कि राशन कार्ड खोल दिए जाएंगे। अगली गारंटी में ऑटो टैक्सी वालों को फायदा देंगे, बेटी की शादी में एक लाख रुपये और ऑटो वालों का बीमा करवाया जाएगा। अगली गारंटी में आरडब्ल्यूए में प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड रखने के लिए दिल्ली सरकार से पैसा मिलेगा।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इसके अलावा पुरानी योजनाएं आगे भी जारी रहेंगी। बिजली, पानी, शिक्षा, फ्री बुजुर्गों के लिए तीर्थ यात्रा जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने साफ कर दिया है कि मुफ़्त पानी बंद कर दिया जाएगा। महिलाओं को फ्री बस सफर बंद कर दिया जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने जनता से कहा कि झाड़ू को हम घर की लक्ष्मी मानते हैं और झाड़ू का बटन दबाओगे तो सीधे-सीधे 25,000 का तो फायदा हो ही जाएगा।

## 28 भाजपा नेताओं पर दर्ज एफआईआर निरस्त करने के खिलाफ झारखंड सरकार की याचिका खारिज

**रांची/नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, झारखंड के पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा सांसद संजय सेठ सहित 28 भाजपा नेताओं के खिलाफ झारखंड सचिवालय घेराव के मामले में दर्ज एफआईआर को हाईकोर्ट द्वारा निरस्त करने के आदेश को बरकरार रखा है।

शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली झारखंड सरकार की याचिका (एसएलपी) सोमवार को खारिज कर दी। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने इस एसएलपी की सुनवाई के दौरान, देश में विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन की ओर से बार-बार दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 का इस्तेमाल किए जाने पर तल्ख टिप्पणी की।

कोर्ट ने कहा, ह्यएक सामान्य प्रवृत्ति बन गई है कि कोई विरोध प्रदर्शन हो रहा है, तो उसे रोकने के लिए सीआरपीसी की धारा 144 का आदेश जारी कर दिया जाता है। इससे गलत संदेश जाएगा। यदि कोई प्रदर्शन करना चाहता है तो धारा 144 लगाने की आवश्यकता क्या है? यह तो धारा 144 का दुरुपयोग है ह्व

झारखंड सचिवालय के घेराव के मामले में भाजपा के नेताओं के खिलाफ 11 अप्रैल 2023 को एफआईआर हुई थी। उस दिन भाजपा ने तत्कालीन हेमंत सोरेन सरकार की विफलताओं के खिलाफ सचिवालय घेराव का आह्वान किया था।

# पानी को लेकर आतिशी और मान ने लिखी चुनाव आयोग को चिट्ठी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया है कि भाजपा यमुना में भारी मात्रा में जहर घोलकर दिल्ली में मास मर्डर करना चाहती है। इसके साथ ही पूरी दिल्ली में जल संकट भी शुरू हो जाएगा। इसको लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने चुनाव आयोग को चिट्ठी भी



लिखी है।

वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि "लोगों को प्यासा मारने से बड़ा पाप नहीं होता। अपनी गंदी राजनीति के लिए भाजपा दिल्ली वालों को प्यासा मारना चाहती है। हरियाणा से भाजपा वाले पानी में जहर मिलाकर दिल्ली भेज रहे हैं। अगर ये पानी दिल्ली वालों ने पी लिया तो कई लोग मर जाएंगे। क्या इससे घिनौना काम कोई हो सकता है? जो जहर पानी में मिलाकर भेजा जा रहा है, वो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में साफ भी नहीं हो सकता। दिल्ली के लोगों की सुरक्षा के लिए कई इलाकों में पानी बंद करना पड़ रहा है। हमारी कोशिश है कि लोगों को कम से कम तकलीफ हो। भाजपा वाले दिल्ली वालों का मास मर्डर करना चाहते हैं। हम ये बिल्कुल नहीं होने देंगे।"

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी सोशल मीडिया के जरिए इस पर पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने लिखा था, "चुनाव में हार के डर से भाजपा दिल्ली वालों को प्यासा मारना चाहती है। भाजपा अपनी हरियाणा सरकार से यमुना नदी में जहरीला पानी छुड़वा रही है। पानी में इतना अमोनिया है कि दिल्ली के तीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद होने की कगार पर हैं। दिल्ली के 30 प्रतिशत लोगों को पानी नहीं मिलेगा। हिंदू धर्म में पानी रोकने से बड़ा कोई पाप नहीं होता। दिल्ली के लोग भाजपा वालों को इस पाप का जवाब 5 फरवरी को देंगे।"

इसको लेकर आतिशी और मान ने जो पत्र लिखा है, उसमें कहा गया है नदी में अमोनिया के स्तर में अचानक और तेज वृद्धि हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### शहीद बाबा दीप सिंह की जयंती को समर्पित चुपहरा समागम का आयोजन



**गाजियाबाद ।**भूड़ भारत नगर स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन सभा में चुपहरा समागम का आयोजन किया गया। यह समागम शहीद बाबा दीप सिंह की 343वीं जयंती को समर्पित था। समागम की शुरूआत सुबह 9 बजे से हुई, जिसमें श्री जपजी साहिब के 5 पाठ किए गए। 2 पाठ चौपाई साहिब के हुए।

समागम में श्री सुखमणि साहिब का पाठ और 6 पौड़ी श्री आनंद साहिब का पाठ भी हुआ। समाप्ति के बाद भोग डाला गया और संगत ने गुरू का लंगर ग्रहण किया। गुरुद्वारा के प्रधान सरदार जोगिंदर सिंह ने संगत का धन्यवाद किया और कहा कि पाठ करना एक व्यक्तिगत साधना है, मगर संगत के साथ पाठ करने से एक अलग ही शक्ति और प्रेरणा मिलती है। हजूरी रागी भाई कुलदीप सिंह ने पाठ का नेतृत्व किया। वहीं, डिप्टी सेक्रेटरी सरदार कुलदीप सिंह ने बाबा दीप सिंह जी के जीवन और इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू होगी, भारत-चीन ने लिया फैसला

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने सोमवार को संयुक्त रूप से कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने का फैसला लिया है। यह फैसला दोनों देशों के बीच अच्छे द्विपक्षीय संबंधों और श्रद्धालुओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी।



विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने 2025 की गर्मियों में कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने का फैसला किया, संबंधित तंत्र मौजूदा समझौतों के अनुसार ऐसा करने के तौर-तरीकों पर चर्चा करेगा। उन्होंने हाइड्रोलॉजिकल डेटा के प्रावधान और सीमा पार नदियों से संबंधित अन्य सहयोग को फिर से शुरू करने पर चर्चा करने के लिए भारत-चीन विशेषज्ञ स्तरीय तंत्र की प्रारंभिक बैठक आयोजित करने पर भी सहमति व्यक्त की।

बता दें कि साल 2020 में भारत और चीन के बीच डोकलाम में हुए विवाद के बाद इस यात्रा को रोक दिया गया था। लेकिन, अब दोनों देशों के विदेश सचिवों के बीच दो दिन तक चली बातचीत के बाद यात्रा को एक बार फिर शुरू करने का फैसला लिया गया।

दरअसल, भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री बीजिंग गए थे। यह वार्ता भारत और चीन के विदेश सचिव-उप विदेश मंत्री तंत्र के तहत हुई।

इससे पहले, अक्टूबर में कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हुई थी। इस दौरान दोनों देशों ने बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए कुछ कदम उठाने पर सहमति जताई थी।

उल्लेखनीय है कि कैलाश मानसरोवर का अधिकांश हिस्सा तिब्बत में है, जिस पर चीन अपना अधिकार जताता है। कैलाश मानसरोवर का बड़ा इलाका चीन के कब्जे में है। इसलिए यहां जाने के लिए चीन की अनुमति लेनी जरूरी होती है।

हिंदू धर्म में मान्यता है कि कैलाश पर्वत पर भगवान शिव अपनी पत्नी पार्वती के साथ रहते हैं, इसलिए, यह जगह हिंदुओं के लिए काफी पवित्र है। 2020 से पहले हर साल हजारों लोग कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाते थे।

### भारत ने फिर की इराक की मदद, कुर्दिस्तान क्षेत्र के लिए भेजी मानवीय सहायता



**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में लोगों की मदद के लिए ब्रोन्कोडायलेटर, इनहेलर्स और वेंटिलेटर की एक खेप भेजी।

यह सहायता भारत की जन-केंद्रित विदेश नीति को दशार्ती है, जो 'विश्वबंधु भारत' की अवधारणा के तहत वैश्विक मित्रता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

पिछले एक दशक में, भारत ने इराक की राहत और आर्थिक पुनर्निर्माण के लिए कई बार मदद की है। इस मदद को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के तहत भी भेजा गया है। भारत ने हमेशा इराक की तत्काल जरूरतों को पूरा करने की कोशिश की है, और यही वजह है कि भारत को इराक में एक विश्वसनीय और स्थिर सहयोगी के रूप में देखा जाता है।

भारत ने इराक के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए 2016 में कुर्दिस्तान क्षेत्र की राजधानी एरबिल में अपना वाणिज्य दूतावास खोला। इसके बाद से भारत और इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र के बीच व्यापारिक और वाणिज्यिक संबंध और अधिक मजबूत हुए हैं। कई भारतीय कंपनियों ने एरबिल और सुलेमानिया में आयोजित व्यापार मेलों और आर्थिक प्रदर्शनियों में भाग लिया है, जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ा है।

कुर्दिस्तान क्षेत्र में भारतीय कामकाजी समुदाय भी लगातार बढ़ रहा है। इस क्षेत्र में भारतीय कामगारों की संख्या इस्पात मिलों, तेल कंपनियों और निर्माण परियोजनाओं में अधिक हो रही है, क्योंकि यहां काम करने की बेहतर स्थितियां और बेहतर वेतन की पेशकश की जा रही है। कुर्दिस्तान क्षेत्र के राष्ट्रपति नेचिरवन बरजानी ने भारत के साथ अपने रिश्तों को और गहरा करने की

इच्छा जताई है। उन्होंने भारतीय श्रमिकों को एक "प्रतिबद्ध और पेशेवर कामकाजी समुदाय" के रूप में सराहा है, जो इस क्षेत्र में आर्थिक विकास में योगदान दे रहे हैं।

संरक्षक: संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक: रिजवान सैफ खान

सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,

सह संपादक: राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी